दैनिक
करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 20 अप्रैल-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 120 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

मुस्तफाबाद में चार मंजिला इमारत गिरी, 11 की मौत

निर्माण की खराब सामग्री और अवैध निर्माण के कारण हुआ हादसा

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के मुस्तफाबाद स्थित दयालपुर इलाके में देर रात चार मंजिला इमारत गिरने के मामले में दिल्ली पुलिस की तरफ से बड़ा अपडेट दिया गया है। पुलिस के मुताबिक हादसे के दौरान बिल्डिंग में कुल 22 लोग फंस गए थे, जिनमें से 11 ने अपनी जान गंवा दी। अन्य लोगों को बचा लिया गया है। घायलों में से चार लोगों का इलाज फिलहाल चल रहा है। अन्य सभी को छुट्टी दे दी गई है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक मुस्तफाबाद के दयालपुर में बिल्डिंग हादसे में 22 लोगों के होने की जानकारी मिली थी। सभी को मलबे से निकाल लिया गया है।

कब-कैसे हुआ हादसा? : यह हादसा शुक्रवार देर रात करीब 2:50 बजे हुई। दमकल विभाग को मामले की सूचना दी गई, जिसके तुरंत बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। शनिवार दोपहर तक रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रहा। स्थानीय पुलिस, दमकल कर्मी और बचाव दल मौके पर पहुंचे। बिल्डिंग गिरने के बाद एनडीआरएफ को भी मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए बुलाया गया है, ताकि बिल्डिंग के अंदर फंसे हुए लोगों को निकाला जा सके।

क्यों गिरी इमारत? : मुस्तफाबाद में इस चार मंजिला इमारत के ढहने की सही-सही वजह अबतक औपचारिक तौर पर नहीं बताई गई है। प्रारंभिक जांच में कई कारण सामने आए हैं। सीसीटीवी फुटेज में इमारत गिरने के बाद चिंगारी और धूल का गुबार साफ देखा जा सकता है। माना जा रहा है कि निर्माण की खराब सामग्री के कारण यह हादसा हुआ। अवैध निर्माण को भी इसके पीछे की वजह समझा जा रहा है। शुक्रवार शाम से ही तेज हवाएं चल रही थी और बारिश भी हुई। सभी कारणों को इमारत गिरने के लिए जिम्मेदार माना जा रहा है।

इसलिए है गाजियाबाद वालों का राजनाथ सिंह से अलग ही आत्मीय नाता

जब भोजन की आवाज लगाकर बुलाया सांसद अतुल गर्ग को और बिठाकर की जनप्रतिनिधियों से बात

गाजियाबाद, करंट क्राइम। राजनाथ सिंह लखनऊ से सांसद हैं और केन्द्रीय रक्षामंत्री हैं। उनके बेटे पंकज सिंह नोएडा से विधायक हैं। लेकिन इस परिवार का गाजियाबाद से एक अलग ही नाता है। राजनाथ सिंह का ये अंदाज गाजियाबाद वालों को भाता है और जब राजनाथ सिंह एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए गाजियाबाद आये तो यहां उन्होंने अपने इसी अंदाज से सभी जनप्रतिनिधियों का मन मोह लिया। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से लेकर मेयर सुनीता दयाल, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और विधायक संजीव शर्मा भी यहां दिखाई दिये। बताया जाता है कि जब केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह के गाजियाबाद आने का कार्यक्रम था तो भले ही यह निजी पारिवारिक कार्यक्रम था लेकिन सूत्र बताते हैं कि दिल्ली से पहला फोन लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के पास आया। उन्हें बताया गया कि माननीय जी आ रहे हैं, आप मुलाकात करें। बताया जाता है कि यहां पर सांसद अतुल गर्ग ने बताया कि उनके पास निमंत्रण नहीं है लेकिन ये ऐसा निर्देश था जो अतुल गर्ग इंकार नहीं कर सके। फिर तय हुआ कि विवाह समारोह में नहीं जायेंगे और बाहर गेट पर ही मुलाकात करेंगे। तय समय पर केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आये और इसी बीच अन्य जनप्रतिनिधि दूसरी टेबल पर बैठ गये।

तभी ये व्यवस्था बनी कि राजनाथ सिंह इसी टेबल पर भोजन करेंगे। विवाह समारोह वाले लोग व्यवस्था बनाने में जुटे रहे। तभी राजनाथ सिंह आये और फिर मुलाहिजा हो गया कि गाजियाबाद क्यों राजनाथ सिंह से प्यार करता है। उन्होंने रूक कर सांसद अतुल गर्ग को आवाज लगाई और अपने साथ बिठाया और फिर सभी जनप्रतिनिधियों को अपने पास बुलाया और सभी अपनी अपनी बात कहते रहे। अपनों को पहचानना और भीड़ केबीच से उन्हें पुकार कर बुला लेना ही ये बानगी है कि बड़े व्यक्तित्व हमेशा अपने पास बैठे व्यक्ति को अपने बड़े होने का एहसास कराते हैं, कभी उन्हें छोटा महसूस नहीं होने देते और ये भी सभी के मुंह से निकला कि इसलिए राजनाथ सिंह और उनका परिवार गाजियाबाद की भाजपा के दिल में बसता है। ये अपनापन सभी को छू गया।

क्यों लगा ठहाका जब सांसद ने कहा हम तो बैंड वाले हैं

करंट क्राइम। अतुल गर्ग लोकसभा सांसद हैं और उनका बात कहने का अंदाज हर माहौल को हल्का फुल्का कर देता है। वो अपने ही अंदाज में बात भी कह जाते हैं और पूरी स्थिति को भी स्पष्ट करते हैं।

देखने और सुनने वालों की जुबानी ये बात भी बाहर आई कि जब माननीय जी का आदेश और निमंत्रण वाले परिवेश का पेंच फंसा तो यहां अतुल गर्ग ने बीच का मंत्र दिया और कहा कि हम तो बेंड वाले हैं। हमें तो दूल्हें के आने पर बैंड बजाना है। निमंत्रण नहीं तो क्या हुआ हम गेट पर ही मिलेंगे। ये अतुल गर्ग का अपना अंदाज था और यहां पर दूसरा ठहाका तब लगा जब उन्होंने एक भाजपा नेता को सलाह दी कि देखो अगर तुमने कुछ भी खाया तो तुम्हें 2100 रूपये देने पड़ेगें इसलिए मैंने तो कुछ खाया ही नहीं। अतुल गर्ग के इस अंदाज पर सबके चेहरों पर हंसी आ गई और अतुल गर्ग एक बार फिर माहौल को संजीदा करने में सफल रहे। माहौल में देर तक बैंड वाले और 2100 रूपये का हास्य परिहास वाला किस्सा गूंजता रहा।

स्मार्ट पाठकों का
स्मार्ट अखबार

ई-पेपर की विशेषताएं

फोन की स्टोरेज पर नहीं पड़ेगा कोई असर

अखबार की पीडीएफ बनाने की सुविधा

कलेंडर से प्राप्त करें पुरानी तारीख का अखबार

खबर को सेव और क्रॉप करने का ऑप्शन

खबर को सोशल मीडिया पर शेयर करने की सुविधा

रोजाना सुबह सोशल मीडिया के प्रमुख प्लेटफॉर्म पर अखबार का लिंक हो रहा है फॉरवर्ड

जब एक क्लिक पर खुले आपका करंट क्राइम अखबार तो फिर एमबी का बोझ क्यों करे आपका स्मार्ट फोन स्वीकार

https:// epaper.currentcrime.com/view/106/current-crime

बड़ा हादसा : मुस्तफाबाद में 4 मंजिला इमारत गिरी, 11 की मौत

10 से ज्यादा लोग अब भी मलबे में फंसे, स्थानीय विधायक बोले- हादसा एमसीडी की लापरवाही का नतीजा

मुस्तफाबाद स्थित दयालपुर इलाके में उस वक्त सनसनी मच गई। जब वहां एक छह मंजिला इमारत देखते-देखते ही जमींदोज हो गई। हादसे में 11 लोगों की मौत की खबर है। 20 लोगों को मलबे से बाहर निकाल लिया गया है। अभी भी कई लोग मलबे में फंसे हुए हैं। जिन्हें बाहर निकालने का काम जारी है।

नई दिल्ली। दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में शुक्रवार देर रात ढाई बजे 4 मंजिला बिल्डिंग ढह गई। हादसे में अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि अभी भी 10 से ज्यादा लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। पुलिस के मुताबिक, हादसे में 22 से ज्यादा लोग मलबे में दब गए थे।

अब तक 14 लोगों को रेस्क्यू कर जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने 11 को मृत घोषित कर दिया। मौके पर एनडीआरएफ और दिल्ली पुलिस की टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हैं। डिविजनल फायर ऑफिसर राजेंद्र अटवाल ने बताया कि देर रात करीब 2:50 बजे एक मकान ढहने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे तो पता चला कि पूरी बिल्डिंग ढह गई है और लोग मलबे में फंसे हुए हैं। पुलिस के साथ मिलकर बचाव अभियान चलाया है। दरअसल, शुक्रवार रात दिल्ली में मौसम ने अचानक करवट ली थी। तेज बारिश और आंधी-तूफान के चलते कई इलाकों में नुकसान हुआ। माना जा रहा है कि इसी वजह से मुस्तफाबाद की इमारत भी ढह गई।

आंधी की वजह से गिरी दीवार

इससे पहले शुक्रवार को दिल्ली के मौसम में बदलाव आया। कई इलाकों में आंधी के साथ बारिश हुई। इसी तरह की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो तब घायल हो गए जब मधु विहार के पास एक निमार्णाधीन इमारत की दीवार गिर गई। आंधी की वजह से यह हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार दीवार छह मंजिला निमार्णाधीन इमारत का हिस्सा था। हादसे में घायल हुए लोगों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

डिप्टी स्पीकर और मुस्तफाबाद से विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने मौके पर पहुंचकर कहा कि यह हादसा एमसीडी की लापरवाही और भ्रष्टाचार का नतीजा है। उन्होंने बताया कि चुनाव जीतने के बाद उन्होंने इस इमारत को खतरनाक बताया था और एलजी व एमसीडी को आगाह भी किया था। बिष्ट ने कहा कि मुस्तफाबाद में कई अवैध और जर्जर इमारतें हैं, और बिजली कंपनियां गरीबों को कनेक्शन नहीं देतीं। मृतकों के परिवार को मुआवजा देने की घोषणा की गई है।

पिछले हफ्ते भी हुआ था ऐसा ही हादसा : इससे 11 अप्रैल को दिल्ली के मधु विहार में एक निमार्णाधीन इमारत की दीवार गिर गई थी। यह घटना मधु विहार पुलिस स्टेशन के पास हुई थी।

इमारत में रहते थे तीन परिवार

शनिवार तड़के मुस्तफाबाद इलाके में दो मंजिला इमारत अचानक ढह गई। इमारत के भूतल पर दुकान है। बाकी के दो तलों पर तीन परिवारों के करीब 15 लोग रहते थे। एक परिवार के कुछ लोगों मलबे में फंसे होने की बात कही जा रही है। बाकी लोग खुद बाहर आ गए थे। एनडीआरएफ, दमकल के टीमों के अलावा स्थानीय पुलिस मौके पर मौजूद है। अभी मलबा हटाने का काम किया जा रहा है। एनडीआरएफ और दमकल की टीमें मलबा हटाने के साथ ही राहत और बचाव कार्य में जुटी हैं।

उत्तराखंड बोर्ड का रिजल्ट घोषित

हाईस्कूल में कमल और इंटर में अनुष्का टॉपर

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल और इंटर परीक्षा 2025 का रिजल्ट घोषित कर दिया है। उत्तराखंड बोर्ड रिजल्ट आधिकारिक वेबसाइट ubse.uk.gov.in पर जाकर चेक कर सकते हैं।

उत्तराखंड। उत्तराखंड इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 का पासिंग पर्सेंटेज 83.23% रहा है। लड़कियों का पासिंग पर्सेंटेज लड़कों से ज्यादा है। लड़कियों का पास प्रतिशत 86.20 प्रतिशत रहा है तो वहीं लड़कों का पास प्रतिशत 80.10 प्रतिशत रहा है।

अनुष्का राणा, गवर्नमेंट इंटर कॉलेज बडासी ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 500 में से 493 अंक हासिल कर टॉप किया है। केशव भट्ट, एस.पी.आई.सी. कारबारी ग्रांट, देहरादून और कोमल कुमार, गोस्वामी गणेश दत्त सरस्वती विद्या मंदिर आई.सी. उत्तरकाशी ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 489/500 कुल 97.80% अंक प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। आयुष सिंह रावत, रश्टक्ष आवास विकास ऋषिकेश, देहरादून ने इण्टरमीडिएट परीक्षा में 484/500 कुल 96.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

उत्तराखंड बोर्ड 12वीं रिजल्ट में फ स्ट डिविजन से 38.82 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए हैं। सेकेंड डिविजन से पास होने वाले छात्रों की संख्या 38536 कुल 36.23 प्रतिशत है। थर्ड डिविजन से 0.39 प्रतिशत स्टूडेंट्स उत्तीर्ण हुए हैं। सम्मान सहित उत्तीर्ण होने वाले छात्रों की संख्या 7575 कुल 7.12 फीसदी है।

उत्तराखंड बोर्ड हाईस्कूल रिजल्ट 2025 : उत्तराखंड बोर्ड हाईस्कूल रिजल्ट 2025 का पासिंग पर्सेंटेज 90.77% रहा है। लड़कियों ने लड़कों से बेहतरीन प्रदर्शन किया है। लड़कियों का पास प्रतिशत 93.25 प्रतिशत रहा है तो वहीं लड़कों का पास प्रतिशत 88.20% रहा है।

कमल सिंह चौहान, विवेकानंद वीएमआईसी मंडलशेरा, बागेश्वर तथा जतिन जोशी, एचजीएस एसवीएम आईसी कुसुमखेरा, हल्द्वानी, नैनीताल के छात्रों ने हाईस्कूल परीक्षा में 496/500 कुल 99.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में टॉप किया है।

कनकलता, एसवीएम आईसी न्यू तहरी, टिहरी गढ़वाल की छात्रा ने 495/500 कुल 99.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में द्वितीय स्थान तथा लड़कियों की कैटेगरी में पहला स्थान प्राप्त किया है। दिव्यम, गोस्वामी गणेश दत्त, उत्तराक्षी, प्रिया सीएआईसी अगस्त्यमुनि, रुद्रप्रयाग के छात्र और दीपा जोशी, पीपी एसवीएमआईसी, यूएस नगर की छात्रा ने हाई स्कूल परीक्षा में 98.80% के साथ 494/500 अंक प्राप्त तीसरा स्थान हासिल किया है।

उत्तराखंड बोर्ड 10वीं रिजल्ट 2025 में सम्मान सहित उत्तीर्ण स्टूडेंट्स की संख्या 12439 कुल 11.32 प्रतिशत है।

उत्तराखंड इंटरमीडिएट रिजल्ट 2025 में जनपद पिथौरागढ़ ने कुल 91.90 प्रतिशत के साथ सभी जनपदों में टॉप किया है।

अजब प्रेम की गजब कहानी : बच्चों के साथ रहने को राजी नहीं मां

काउंसिलिंग के बाद राहुल संग जाने की जिद पर अड़ी सपना

अलीगढ़। आखिरकार वही हुआ, जिसके संकेत थे। होने वाले दामाद राहुल संग गई महिला सपना खुद वापस आने के बाद भी पति या बच्चों के साथ रहने को राजी नहीं हुई। परिवार परामर्श केंद्र में हुई काउंसिलिंग के बाद वह राहुल संग जाने की जिद पर अड़ गई।

तमाम प्रयास के बाद शुक्रवार शाम उसे राहुल और उसके परिजनों के साथ भेज दिया गया। जाते समय उसने यही कहा कि अब हम दोनों साथ रहेंगे। मडराक के गांव मनोहरपुर कायस्थ का जितेंद्र गांव में अपनी पत्नी सपना, बेटी और बेटों संग रहता था।

जितेंद्र ने अपनी बेटी की शादी दादों के गांव मछरिया निवासी राहुल से तय कर दी थी। 16 अप्रैल को बरात आनी थी। इससे पहले सपना और होने वाले दामाद के बीच प्रेम संबंध बन गए और दोनों मौका देखकर 6 अप्रैल को घर से निकल गए। परिवार वालों का आरोप था कि सपना घर से जेवरात और पैसा लेकर गई है।

दंपती ने एक-दूसरे के खिलाफ दी थी तहरीर : वापस आने के बाद इस मामले में पति ने महिला के खिलाफ जेवरात व नकदी ले जाने संबंधी तहरीर दी थी, जबकि महिला ने पति के खिलाफ खुद के उत्पीड़न को लेकर तहरीर दी थी। दोनों के आरोपों को पारिवारिक विवाद माना गया। इसी आधार पर दोनों को काउंसिलिंगा के लिए परिवार परामर्श केंद्र भी लाया गया। शुक्रवार को दिन भर दोनों को समझाया गया। मगर महिला एक ही जिद पर रही। वह पति संग जाने को राजी नहीं थी। इसी आधार पर उसे राहुल व उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

> **काउंसिलिंग भी रही बेनतीजा :** महिला ने अपनी मर्जी से होने वाले दामाद संग जाने की बात कही। चूंकि दोनों बालिग हैं। इसलिए महिला को राहुल संग भेजा गया। इससे पहले दंपती के आरोपों पर परिवार परामर्श केंद्र में काउंसिलिंग भी कराई गई। सभी कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे उसकी मर्जी से भेजा गया है। अमृत जैन, एसपी देहात

बेटी पर लगाया दामाद को पागल करार देने का आरोप : इस बातचीत में महिला ने यहां तक कहा उसकी व होने वाले दामाद की बातचीत यूं ही शुरू नहीं हुई। उसकी बेटी से दामाद ने बात करना शुरू किया। मगर बेटी ने दामाद को पागल करार दे दिया। बात नहीं करती थी। वह दामाद से रिश्ता संभालने के लिए बात करने लगी। फिर दोनों में कब नजदीकियां हो गई। पता ही नहीं चला, मगर राहुल ने उसे सहारा दिया। रहा सवाल चोरी का तो आरोप निराधार हैं। वह कोई रुपया या जेवरात लेकर नहीं गई।

हमारे लिए तो अब मां मर चुकी : बेटी

बेटी का कहना था कि उसके लिए मां मर चुकी है। हम कोई संबंध नहीं रखेंगे। बस हमारा पैसा और जेवर वापस करा दिया जाए। इधर, इस मामले में गुमशुदगी भी दर्ज कराई गई। पुलिस उन्हें तलाश रही थी कि इसी बीच दोनों बुधवार को दादों थाने पहुंच गए। तब से वह जिद पर थी कि वह दोनों अपनी मर्जी से गए थे। दोनों जीवन भर साथ ही रहेंगे। वहीं बेटे घर चलने के लिए कहते रहे।

बच्चों पर भी नहीं रहा महिला का झुकाव

काउंसिलिंग से पहले महिला को वन स्टॉप सेंटर में रखा गया। महिला को बच्चों के विषय में बात करते हुए कहा कि कम से कम उनका तो कुछ सोचो, मगर महिला ने साफ कह दिया कि उसने जो झेला है। उसके आगे अब उसे कुछ समझ नहीं आ रहा। राहुल ने सहारा दिया है, उसी के साथ जाएगी।

मेरठ में तेज आंधी-बारीश से जनजीवन प्रभावित

मकान गिरने से एक ही परिवार के छह लोग दबे, मां-बेटी की मौत

मेरठ में एक परिवार पर कहर टूटा है। पड़ोसी की दीवार छत पर गिरने से कच्चा मकान ढह गया। देर रात 9:00 बजे आई तेज आंधी और बारिश के कारण यह हादसा हुआ। मलबे में आठ लोग दब गए। हादसे में मां और बेटी की मौत हो गई।

मेरठ: उत्तर प्रदेश के मेरठ में गुरुवार शाम आई तेज आंधी और बारिश ने भारी तबाही मचाई। आंधी और बारिश के असर के कारण एक बिल्डिंग के गिरने का मामला सामने आया है। दरअसल, लिसाड़ी गेट क्षेत्र के लखीपुरा गली नंबर 15 में एक मकान तेज हवा और बारिश के चलते धराशायी हो गया। इस दर्दनाक हादसे में सात लोग मलबे में दब गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को बाहर निकालने की कोशिश शुरू की। वहीं, प्रशासन को घटना की सूचना दी गई। हालांकि, लोगों ने पहले ही सातों को मलबे से निकाला गया। हालांकि, इन घायलों में से दो की मौत अस्पताल ले जाते समय ही हो गई। पांच अन्य गंभीर रूप से घायल थे। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया।

मास्टर इशाक का मकान ध्वस्त

मेरठ की यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि ध्वस्त हुआ मकान मास्टर इशाक का था, जो पावरलूम का काम करता था। घटना के वक्त पूरा परिवार घर में मौजूद था। जब तेज आंधी और बारिश हो रही थी, उसी समय पड़ोसी की दीवार मकान पर गिर गई, जिससे मकान पूरी तरह से जमींदोज हो गया। तेज बारिश के बीच भी स्थानीय लोगों ने हिम्मत दिखाई। पुलिस के आने से पहले ही राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया।

स्थानीय लोगों की मदद से मलबे में दबे सातों लोगों को बाहर निकाला गया। इनमें से महिला रुखसार और उसकी बड़ी बेटी मायरा को जब तक अस्पताल ले जाया गया, तब तक दोनों ने दम तोड़ दिया था। शेष घायलों में दिलशाद (उम्र 28 वर्ष), एहतेशाम (उम्र 10 वर्ष), मोबीना (उम्र 8 वर्ष) और दो अन्य शामिल हैं, जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक, दो घायलों की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है।

मौके पर पहुंची पुलिस

घटना की जानकारी मिलते ही कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। सीओ कोतवाली आशुतोष कुमार ने बताया कि तेज आंधी और बारिश के कारण एक मकान गिर गया है। मलबे से सात लोगों को बाहर निकाला गया, जिनमें रुखसार और उसकी बेटी मायरा की मृत्यु हो चुकी है। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में किया गया है, और राहत-बचाव कार्य जारी है।

फिलहाल लिसाड़ी गेट क्षेत्र में मातम पसरा है, जहां एक ही परिवार की खुशियां देखते ही देखते मलबे में दफन हो गईं।

लखनऊ में सांसद खेल महाकुंभ का धमाकेदार आगाज

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने किया उद्घाटन

लखनऊ। राजधानी लखनऊ स्थित केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शनिवार को सांसद खेल महाकुंभ का धमाकेदार आगाज हुआ। रक्षामंत्री एवं सांसद राजनाथ सिंह ने इसका उद्घाटन किया। इस मौके पर रक्षामंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से कई सांसदों ने अपने क्षेत्र में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कर समाज के विकास के लिए एक नई राह तैयार की है। इस कड़ी में अब लखनऊ का नाम भी जुड़ गया है। किसी भी समाज के विकास के लिए यह जरूरी है कि खेल और खिलाड़ियों को महत्व दिया और उन्हें समझा जाए।

रक्षामंत्री ने आगे कहा कि लखनऊ शहर अपने स्पोर्टिंग कल्चर के लिए उत्तर प्रदेश में ही नहीं, देश विदेश में भी जाना जाता रहा है। जिन महान हॉकी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू के नाम से यह स्टेडिमय जाना जाता है, उन्होंने यहां पर काफी लंबा समय बिताया है। हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद ने भी लखनऊ को खासा समय दिया है। यहां की खेल संस्कृति को उन्होंने संवारा और निखारा है। उनके बेटे अशोक कुमार और ओलंपियन जमन लाल शर्मा की भी यह कर्मभूमि रही है।

अपने संबोधन में उन्होंने आगे कहा कि एक समय था जब इसी केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर शीशमहल ट्रॉफी के नाम पर क्रिकेट टूर्नामेंट होता था। टीम इंडिया के बड़े-बड़े खिलाड़ी यहां खेलते नजर आते थे। भले ही वह टूर्नामेंट अब नहीं होता, लेकिन उसकी स्मृतियां आज भी लोगों के जेहन में कायम हैं। आज यह सांसद खेल महाकुंभ भी लखनऊ के स्पोर्टिंग कैलेंडर से जुड़ चुका है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्पोर्टिंग कल्चर का विकास हुआ है।

दरिंदगी का शिकार हुई 11 साल की मूकबधिर बिटिया

आंत हुई डेमेज... मुंह पर गहरे चोट के निशान... किशोरी के हुए दो ऑपरेशन

रामपुर में दरिंदगी की शिकार बालिका की हालत गंभीर है। उसकी आंत डेमेज हो गई है, मेरठ मेडिकल में डॉक्टरों ने दो ऑपरेशन किए हैं। मासूम बिटिया के मुंह पर भी चोट की सर्जरी की गई।

रामपुर। रामपुर के सैफनी के एक गांव में दरिंदगी का शिकार हुई 11 साल की मूकबधिर बिटिया के दो ऑपरेशन किए गए हैं। शुक्रवार सुबह उसे होश आ गया है, लेकिन हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। वहीं, बिटिया के गांव में तनाव का माहौल है, मामले की गंभीरता को देखते हुए गांव में फोर्स तैनात की गई है।

बिटिया का मेरठ के मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। उसकी आंत भी डेमेज हो गई। उसके मुंह पर भी चोट पाई गई। मुंह की भी सर्जरी की गई। स्त्री रोग विभाग की हेड डॉ. रचना चौधरी की देखरेख में उसका उपचार चल रहा है। उसके शरीर पर भी कई चोट के निशान हैं।

शुक्रवार को होश आने पर बालिका का डॉ. धीरज बालियान की निगरानी में उपचार किया गया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरसी गुप्ता ने बताया कि बालिका के दो ऑपरेशन किए गए हैं, मुंह पर भी चोट के कारण सर्जरी की गई हैं।

आरोपी और दुष्कर्म पीड़िता के सैंपल की होगी डीएनए जांच : सैफनी थाना क्षेत्र में 11 वर्षीय बालिका के साथ दरिंदगी के मामले में पुलिस फोरेंसिक और डिजिटल साक्ष्य जुटाकर मजबूत चार्जशीट तैयार कर रही है। पुलिस पीड़िता और आरोपी के सैंपल की डीएनए जांच कराएगी। दोनों के सैंपल जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजे गए हैं। इसके अलावा पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी चार्जशीट का हिस्सा बना रही है, जिससे कोर्ट में मजबूती के साथ पैरवी की जा सके।

> दुष्कर्म के आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य एकत्र कर लिए गए हैं। आरोपी के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट और पॉक्सो अधिनियम में मुकदमा दर्ज है। घटनास्थल पर मिले साक्ष्य फोरेंसिक लैब भेजे गए हैं। आरोपी के खिलाफ मजबूत चार्जशीट दाखिल की जाएगी। सीओ शाहबाद प्रकरण की जांच कर रही हैं। कोई अन्य भी दोषी मिला तो उसके विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। - विद्यासागर मिश्र, एसपी, रामपुर

सीओ शाहबाद हर्षिता सिंह ने बताया कि कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है, जिससे मुकदमे को मजबूती मिल सके। घटना के बाद फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। फोरेंसिक रिपोर्ट मुरादाबाद की प्रयोगशाला से आनी है। जांच रिपोर्ट मिलते ही मुकदमे में चार्जशीट लगाई जाएगी। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। एसपी विद्यासागर मिश्र ने बताया कि आरोपी और पीड़िता के सैंपल भी डीएनए जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

पीड़िता के परिजनों ने घटना में कई लोगों के शामिल होने की जताई आशंका : दरिंदगी का शिकार हुई बालिका के परिजनों ने वारदात में एक से ज्यादा लोगों के शामिल होने की आशंका जताई है।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली। रविवार 20 अप्रैल -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

भाजपा के केसरिया क्रान्तिकारी चेहरे बदल रहे हैं सेक्यूलर अंदाज

कोई मंच से दे रहा है संदेश तो किसी ने बनाया है सोशल मीडिया को अपना बेस

गाजियाबाद, करंट क्राइम। राजनीति अब टर्न ले रही है और राजनीति में अब अंदाज बदल रहे हैं। पहले कोई भी दल हो लेकिन भाषाशैली को धर्मनिरपेक्ष यानी सेक्यूलर रखा जाता था। बहुत अधिक धार्मिक विषय को लेकर बोलने से नेता बचते थे। लेकिन अब राजनीति का ये अंदाज बदल रहा है। खासकर भाजपा के नेताओं ने अपनी इस पहचान को बदला है। अब वो फायर ब्रांड हिदुत्व नेता होना चाहते हैं। अब वो खुल कर अपनी विचारधारा के साथ हैं। गाजियाबाद की बात करें तो यहां भाजपा के कई चेहरे क्रान्तिकारी हिंदुत्व अंदाज में है। अब वो सेक्यूलर से ज्यादा हिंदुत्व के साथ पॉपूलर होना चाहते हैं। वो अपनी विचारधारा को लेकर स्पष्ट हिंदुत्व का संदेश देना चाहते हैं। गाजियाबाद के अगर क्रान्तिकारी चेहरों की बात करें तो यहां लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर पहले नंबर पर है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा नई विचारधारा के नए अवतार में आ रहे हैं। पूर्व मेयर अशु वर्मा फेसबुक पर अपनी पोस्ट के जरिए संदेश दे रहे हैं।

कथाव्यास से लेकर विकास नहीं सुरक्षा की बात करते सुनील शर्मा

करंट क्राइम। सुनील शर्मा कैबिनेट मंत्री हैं और भाजपा की राजनीति के पुराने खिलाड़ी हैं। वो तीसरी बार विधायक हैं और पहली बार सरकार में मंत्री रहे हैं। सुनील शर्मा अध्यात्म और धर्म के प्रति पहले से समर्पित हैं। लंबी पूजा पाठ उनकी रोजाना की दिनचर्या में शामिल हैं। सुनील शर्मा अब अपनी विचारधारा को राजनीतिक मंच पर ले आये हैं। वो सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं लेकिन कथाव्यास वाले मंच पर वो घंटो प्रभु भक्ति के प्रवचन देते हैं। अध्यात्म की बात करते हैं। अब वो और अधिक फायर ब्रांड हिदुत्व की तरफ बढ़ रहे हैं और अब बीते दिनों बयान दिया कि विकास से ज्यादा जरूरी सुरक्षा है। ये सुरक्षा किससे है इसका पता उनकी बातों से चल रहा है। वो बांग्लादेश का उदाहरण दे रहे हैं वो भारत में कश्मीर का उदाहरण दे रहे हैं और कह रहे हैं कि विकास तो यहां भी हुआ था लेकिन सुरक्षा पर ध्यान दिया होता तो सीन कुछ और होता। सुनील शर्मा का यह अंदाज उन्हें हिंदुत्ववादी नेताओं की कतार में शुमार कर रहा है।

फेसबुक पर हिंदुत्व की मशाल को जलाए हुए हैं पूर्व मेयर अशु वर्मा

करंट क्राइम। समय के साथ-साथ भाजपा के नेताओं ने राजनीति का अंदाज बदला है। अब वो उन मुद्दों पर खुल कर हैं जिन मुद्दों पर बोलने से पहले वो परहेज करते थे। पूर्व मेयर अशु वर्मा सावन के महीने में सभी से मंदिर जाने और जलाभिषेक की अपील कर रहे थे और अब वो अपनी पोस्ट के जरिए सीधा और स्पष्ट संदेश दे रहे है कि सियासी विचारधारा में उनकी लड़ाई किनसे है। वो अपनी पोस्ट में चिकित्सा शिक्षा नहीं बल्कि एक वर्ग विशेष को लेकर आक्रामक होते दिखाई देते हैं। लेकिन यहां पर खास बात ये है कि उनका यह हिंदुत्व फेसबुक पर ही नजर आता है। वो मैदान में उतरकर अभी उतने क्रान्तिकारी नहीं हो रहे हैं।

मेयर सुनीता दयाल का भी अंदाज है केसरिया

करंट क्राइम। सुनीता दयाल मेयर हैं और भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। वरिष्ठता के क्रम में वो यहां कई नेताओं से आगे हैं। यदि उनकी कार्यशैली को देखें तो भाषा शैली जनप्रतिनिधि वाले फ्रेम में हैं लेकिन जब वो मौके पर पहुंचती हैं तो यहां उनका संदेश देता चेहरा सामने आता है। कैला भट्टा पर जब मदरसे पर बुल्डोजर चला तो सुनीता दयाल मौके पर मौजूद थी। ऐसे ही कई मामले हैं जब उन्होंने हिंदुत्व वाला संदेश दिया है।

क्रान्तिकारी विधायक नन्द किशोर गुर्जर हिंदुत्व की राजनीति के बड़े चेहरे

करंट क्राइम। विधायक नन्द किशोर गुर्जर अपनी विधायकी के पहले दिन से अपनी विचारधारा को लेकर स्पष्ट हैं। मांस की दुकानें हों या फिर अवैध रूप से रह रहे बंग्लादेशी हों, विधायक की पॉलिसी इनको लेकर जीरो टॉलरेंस है। लोनी में कथा यात्रा प्रकरण के बाद तो विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने सीधे सीधे मोर्चा खोला और बड़ी बात ये थी कि हिंदुत्व के इस चेहरे को भाजपा की इंटरनल लॉबी का पूरा सपोर्ट मिला। कुर्ता तो उन्होंने पहन लिया है लेकिन वो लोनी की राजनीति से आगे के चेहरे हो गये हैं। हिंदुत्व की बात करें तो उनकी टीआरपी वेस्ट यूपी में बढ़ गई है और वो यहां अपनी छवि को लेकर उदार होना भी नहीं चाहते। वो हिंदुत्ववादी चेहरे के रूप में लगातार आगे बढ़ रहे हैं।

हिंदुत्व की आवाज बनकर उभर रही हैं भाजपा की उदिता त्यागी

करंट क्राइम। उदिता त्यागी का एक बयान हाल ही में आया। बहादुर शाह जफर की पेंटिग उन्हीं की संस्था ने बनाई थी और जब हिंदुवादी संगठनों ने इस पेंटिंग पर कालिख पोत दी तो उदिता त्यागी ने वीडियो साझा किया और बता दिया कि तब मेरी सोच और थी और अब मेरी सोच और हो गई है। वो हवन पूजन के साथ-साथ हिंदुत्व को लेकर मुखर नजर आती हैं। अब उनकी प्राथमिकता हिंदुत्व पहले है और भाजपा की राजनीति दूसरे नंबर पर है।

भाजपा के ये चेहरे दे रहे हैं सबका साथ वाला संदेश

करंट क्राइम। भाजपा की राजनीति की बात करें तो यहां अब विचारधाराओं और छवि का अलग ही क्रेज है। कई नेता खुद को सुपर हिंदूवादी छवि के साथ रख रहे हैं। गाजियाबाद की बात करें तो यहां कई जनप्रतिनिधि अभी सबका साथ सबका विकास की नीति पर है। उनका अपना एजेंडा कुछ भी हो सकता है लेकिन वो सार्वजनिक रूप से सबको साथ लेकर चलते हैं। इनमें पहना नाम लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का है। वो दो बार शहर विधायक रहे हैं। सरकार में मंत्री रहे हैं। लोकसभा सांसद हैं लेकिन वो कभी ऐसे अल्फाज इस्तेमाल नहीं करते कि उनकी छवि धार्मिक रूप से ज्यादा प्रबल दिखाई दे। यहां पर पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ अनिल अग्रवाल भी हिंदुत्व से ज्यादा मुद्दों की राजनीति पर फोकस करते हैं। उनकी भाषाशैली भी कभी कठोर नहीं होती और वो भी राजनीति के सम्यक रूप को साध कर चलते हैं। विचारधारा की बात करें तो शहर विधायक संजीव शर्मा भी अपनी भाषा शैली और कार्यशैली दोनों पर विकास का और व्यवहार का अंदाज लेकर चलते हैं। वो कभी ऐसी बात नहीं कहते कि ऐसा प्रतीत हो कि वो हिंदुत्व विचारधारा को ज्यादा प्रमोट कर रहे हैं। इसी तरह मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी भी राजनीति के ऐसे फार्मेट में खुद को ढालकर चलते हैं जिसमें हर वर्ग सेट हो। जिसमें विकास की बात हो और सभी को साथ लेकर चलने की बात हो। एमएलसी दिनेश गोयल भी विकास की बात करते हैं। जनहित के मुद्दों की बात करते हैं। विधानपरिषद में जनहित के मुद्दे उठाये भी हैं।

अब थानों में भी सुनी जाएगी प्रतिदिन फरियादियों की गुहार

रोजाना करनी है 10 से 2 बजे तक प्रभारियों को जनसुनवाई

गाजियाबाद ,करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में अब थाना प्रभारियों को प्रतिदिन अपने थाने में सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक जनसुनवाई करनी होगी। इसका मकसद लोगों की समस्याओं पर त्वरित और अधिक कार्रवाई और उनकी सुनवाई करना बताया जा रहा है। पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ ने शनिवार से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी थाना प्रभारियों को नियमित रूप से जनसुनवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था और इसका अनुपालन भी शनिवार से शुरू हो गया है। अलग-अलग थाना प्रभारियों ने सुबह 10 से 2 बजे तक चौकी प्रभारियों और वरिष्ठ उपनिरीक्षकों के साथ बैठकर लोगों की आने वाली शिकायतों का निस्तारण करने का काम किया।

थानों के रजिस्टर में दर्ज होगा जनसुनवाई का रिकॉर्ड

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में मुकदमा दर्ज होने के बाद एफआईआर की कॉपी वादी के घर पहुंचने की पहल की है, तो वहीं अब थाने में जो जनसुनवाई के लिए मामले आते हैं, उनको भी रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा। बाकायदा लिखा जाएगा कि इसका निस्तारण हुआ कि नहीं हुआ और क्या समस्या आ रही है। साथ ही जिन मामलों का निस्तारण नहीं होगा। उनमें 14 दिन के अंदर एसीपी स्तर के अधिकारियों को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश देना होगा।

जो अधिकारी स्टेट फॉरवर्ड होता है वह ज्यादा लोकप्रिय होता है और जो जनप्रतिनिधि स्टेट फॉरवर्ड होता है, वह अलोकप्रिय होता है : बालेश्वर त्यागी

गाजियाबाद, करंट क्राइम। 1975-76 में गाजियाबाद में ज्योति स्वरूप जी आरएसएस के विभाग प्रचारक थे। उन्हें सभी ज्योति जी के नाम से जानते थे। उस समय विभाग बहुत बड़ा था। गाजियाबाद , मेरठ , मुजफ्फर नगर सहारनपुर और बुलंदशहर मेरठ विभाग में आते थे। ज्योति जी का इतना विस्तृत कार्य क्षेत्र था। ज्योति जी इस पूरे क्षेत्र में मोटर साइकिल से भ्रमण करते थे ।उनका बड़ा अध्ययन भी था। वे अनेक विद्वानों के कथनों का उल्लेख करके अपनी बात कहते थे। उन्होंने बहुत सी अंग्रेजी लेखकों की पुस्तकें भी पढ़ी थीं। मुझे उनका बड़ा सानिध्य और स्नेह मिला। आपात काल में कुछ संघ और जनसंघ के कार्यकताओं को गिरफ्तार करके मेरठ जेल में रखा गया था। ज्योति जी ऐसे गिरफ्तार किए गए कार्यकर्ताओं के परिजनों से मिलने उनके गांव जाते थे। वे अक्सर जब गाजियाबाद के गिरफ्तार किसी कार्यकर्ता के घर जाते थे तो अपने साथ मुझे ले जाते थे। मोटर साइकिल पर उनके साथ कई कार्यकताओं के घर जाने का अवसर मिला लेकिन कोई परिवार ऐसा नहीं मिला जिस को कठिनाइयों के बावजूद किसी का मनोबल टूटा हो।ज्योति जी जहां परिवारी जनों की कठिनाइयों की चर्चा करते थे और उनका मनोबल ऊंचा रखने के लिए कई इतिहास की घटनाओं का उल्लेख करते थे और परिवार को आश्वस्त करते थे कि वह इस कष्ट के समय अकेले नहीं हैं ।एक पूरा संगठन उनके साथ है। विशेष रूप से कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए कानूनी विशेषज्ञों का एक पूरा पैनल है।

> ज्योति जी की एक बात जिसका उल्लेख करने के लिए मैने ये घटना बताई , वह यह थी कि उन्होंने कहा कि अच्छा प्रशासक वह है , 'जो ना कह सके।'

ज्योति जी की एक बात जिसका उल्लेख करने के लिए मैने ये घटना बताई , वह यह थी कि उन्होंने कहा कि अच्छा प्रशासक वह है , 'जो ना कह सके।' मेरा उनके प्रति अति सम्मान भी था इसलिए उनका यह वाक्य आज भी याद है और याद ही नहीं, मुझे ध्येय वाक्य जैसा याद है। इस ना शब्द से मुझे राजनीति में बड़ी हानि हुई। राजनीति में तो कोई ना सुनना ही नहीं चाहता है। मुझे लगता था कि जो कार्य मेरे द्वारा कराया जाना संभव ही नहीं है , उसके लिए इस बेचारे को क्यों दौड़ाया जाय। पहले ही अवसर पर ना कह देना उचित है। लेकिन जो काम के लिए आया है, वह ना सुनना ही नहीं चाहता है। वह ना सुनकर बहुत नाराज हो जाता था। मैंने ऐसे कई नेता देखे जो कभी ना कहते ही नहीं थे। वह हर बार कोशिश करते हैं कह कर टरका देते थे, वह ही हार थक कर बैठ जाता था लेकिन नेता जी कभी अपने मुंह से ना नहीं कहते थे। मेरा निजी अनुभव है कि लोगों को मेरी ना सुनकर जो नाराजगी मुझसे होती थी, उतनी नाराजगी उनसे नहीं दिखी जिनके घर दौड़ दौड़ कर थक कर बिना ना सुने घर बैठना पड़ा।

एक बार मुझे एक अधिकारी ने कहा कि हम अधिकारी भी ना नहीं कहते हैं आप तो तो जनप्रतिनिधि हैं , आप क्यों ना कहते हो ? मैने बहुत से अधिकारियों को भी देखा है जो काम भी नहीं करते हैं और ना भी नहीं करते हैं। हार थक कर व्यक्ति घर बैठ जाता है। बस अंतर इतना है कि अधिकारी से नाराजगी व्यक्त नहीं कर सकता है और जनप्रतिनिधि से नाराजगी व्यक्त भी करता है और जब जनप्रतिनिधि पुनः वोट मांगने आता है तो भी उसके पास अपनी सारी भड़ास निकालने का बेहतरीन अवसर होता है।

वैसे जो अधिकारी स्टेट फॉरवर्ड होता है वह ज्यादा लोकप्रिय होता है और जो जनप्रतिनिधि स्टेट फॉरवर्ड होता है, वह अलोकप्रिय होता है।

नई पहल : जल्द थानों में जन प्रतिनिधियों को किया जाएगा आमंत्रित

कहीं पिलाई जाएगी चाय तो कहीं होगा जलपान

गाजियाबाद ,करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में अब खाकी और खादी वालों के बीच सम्मान और बुलावे वाला कलचर शुरू हो रहा है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि कमिश्नरेट के कई थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में रहने वाले जनप्रतिनिधियों को संभ्रात व्यक्तियों के तौर पर मीटिंग के लिए आमंत्रित किया है। इस मीटिंग का मतलब पुलिस के साथ संवाद बढ़ाना और जनप्रतिनिधियों से नजदीकी बढ़ाना बताया जा रहा है।

सूत्र बता रहे हैं कि रविवार से इस अभियान की पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन में शुरूआत हो रही है। बताया जा रहा है बीते दिनों पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया था कि वह अपने इलाके के जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर व्यवहार करें और उनके साथ संवाद स्थापित करने और चाय पिलाने जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किया जाए।

सिटी के थानों में आज हो सकती है इस अभियान की शुरुआत

मंडल वालों से लेकर संगठन वालों को भी मिलेगा आमंत्रण

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि थानों में जनप्रतिनिधियों के साथ ही संभ्रात व्यक्तियों के तौर पर मंडल अध्यक्ष और संगठन से जुड़े पदाधिकारियों को भी उनके थानाक्षेत्र में चाय के लिए आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही कैबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री, विधायकों से लेकर महापौर, भाजपा महानगर अध्यक्ष से लेकर विपक्ष के प्रमुख नेताओं को भी इस श्रृंखला में जोड़ा जाएगा।

दमकलकर्मियों ने बचाई 40 फीट गहरे शाफ्ट में गिरी बिल्ली की जान

सोशल मीडिया पर मिल रही है सराहना

गाजियाबाद, करंट क्राइम : वैशाली सेक्टर-पांच में रहने वाली एक युवती की पालतू बिल्ली सोसाइटी में बनी शाफ्ट में गिर गई और वह 40 फीट गहरे स्थान में फंस गई। पहले तो स्थानीय लोगों ने और बिल्ली की मालकिन ने काफी प्रयास किया, जब वह नहीं निकली तो स्थानीय पुलिस और दमकल कर्मियों को इसकी सूचना दी गई। जिसके बाद मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने अग्निशमनकर्मियों को मौके पर भेजा और लंबी सीढ़ी और रस्सी की मदद से बिल्ली को गहरे शाफ्ट से बाहर निकाला और बिल्ली की मालकिन के सुपुर्द किया। इसके बाद सोशल मीडिया पर दमकल पुलिसकर्मियों की तारीफ शुरू हो गई।

लोगों के साथ जीवों को भी बचा रहे हैं दमकलकर्मी

करंट क्राइम : मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया है कि इससे पहले भी दमकलकर्मियों द्वारा गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में जीव जंतुओं की जान बचाई गई है। उन्होंने बताया है कि कुछ दिन पहले वैशाली और कौशांबी इलाके में एक गाय नाले में गिर गई थी, जिसे रेस्क्यू कर बाहर निकल गया था। तो वहीं कुछ दिन पहले लोनी में भी एक कुत्ता गहरे गड्ढे में गिर गया था, उसे बचाने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि दमकल विभाग लोगों के साथ ही जीव जंतुओं के जीवन को बचाने का काम कर रहा है।

पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ की सराहनीय पहल

इधर दिया पुलिस कमिश्नर ने एफआईआर की कॉपी घर पहुंचने का फरमान, उधर कॉपी लेकर पुलिसकर्मी पहुंचने लगे पीड़ितों के मकान

नए कमिश्नर के आने के बाद पुलिसिंग व्यवस्थाओं में परिवर्तन साफ नजर आने लगा है।

गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में नए कमिश्नर के आने के बाद पुलिसिंग और व्यवस्थाओं में परिवर्तन साफ नजर आने लगा है। शुक्रवार की रात पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड़ ने क्राइम मीटिंग के दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया था, कि किसी भी मामले का मुकदमा दर्ज होने के बाद वादियों के घर पुलिसकर्मी फिर पुलिसकर्मी एफआईआर की कॉपी को घर पहुंचने का काम करेंगे । शुक्रवार को दिए गए इस आदेश का असर शनिवार से ही नजर आने लगा है। बताया जा रहा है कि अलग-अलग थानाक्षेत्रों में थानों पर दर्ज हुए मुकदमों की कॉपी घर पहुंचने का

> अक्सर शिकायतें आती हैं कि वादी को मुकदमे की कॉपी नहीं मिली है। लोग एफआईआर की कॉपी प्राप्त करने के लिए चक्कर लगाते हैं। इसी वजह से इस प्रक्रिया को शुरू किया गया है ताकि लोगों को परेशान ना होना पड़े।
>
> जे रविंद्र गौड़, पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद

वादियों के घर पहुंचे पुलिसकर्मी और डोर बेल बजाकर दी एफआईआर की कॉपी

करंट क्राइम : शनिवार को अलग-अलग थानाक्षेत्रों में वीदियों के घर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने पहले उनकी डोर बेल बजाई और फिर वीदियों को उनके दर्ज हुए मुकदमे की एफआईआर की कॉपी प्रदान करने का काम किया गया। लोगों के लिए शनिवार को यह सीन और काम थोड़ा अलग नजर आया लेकिन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों ने दावा किया है कि अब प्रत्येक थानाक्षेत्र में प्रतिदिन इसी प्रकार से दर्ज होने वाले मुकदमों में वीदियों को इसकी कॉपी पहुंचने का काम किया जाएगा।

संपादकीय

निजता की सीमाएं

अजेनसोल इंजीनियरिंग का मामला, जिसमें प्रवर्तकों ने कथित तौर पर फंड को अपने व्यक्तिगत कामों में इस्तेमाल किया, भारतीय स्टार्टअप जगत में धोखाधड़ी की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक माना जा रहा है। यह न केवल देश की सराहनीय उद्यमिता पर एक बदनुमा दाग है बल्कि इससे स्टार्टअप की दुनिया में नियमन के माहौल को लेकर भी सवाल खड़े हुए हैं।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने इस समाचार पत्र को दिए एक साक्षात्कार में आश्वस्त किया कि जेनसोल जैसे मामलों में खराब शासन-प्रशासन का मुद्दा वास्तव में व्यवस्थागत दिक्कत नहीं है और कारोबारी धोखाधड़ियों को रोकने के लिए ठोस कदम और शासन संबंधी मानक स्थापित हैं। सेबी प्रमुख यह मानते हैं कि नियामकीय सुधारों की शायद आवश्यकता नहीं लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वतंत्र निदेशकों, बोर्ड और लेखा परीक्षकों को सक्रियता दिखानी होगी ताकि भ्रष्ट कंपनियों के लालच और कदाचार पर लगाम लगाई जा सके।

यह कारोबारी धोखाधड़ी रोकने का कहीं अधिक सही तरीका प्रतीत होता है बजाय कि नियामकीय मानकों को और अधिक सख्त करने के। यह स्टार्टअप के लिए खासतौर पर सही है क्योंकि वे आमतौर पर नवाचार, तेज वृद्धि और सीमित संसाधनों वाली युवा कंपनियों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

अब समय आ गया है कि स्वतंत्र निदेशकों और लेखा परीक्षकों द्वारा अनैतिक आचरण को पहले ही चिह्नित कर दिया जाए। इसके साथ ही स्टार्टअप को भी यह याद रखना चाहिए कि उनके पास यह अधिकार नहीं है कि वे कारोबार और निजता की सीमा का घालमेल करें।

इसे पहले भी फिनटेक, एडुटेक और अन्य क्षेत्रों में ऐसी स्टार्टअप सामने आ चुकी हैं जो नियामकीय अनुपालन में कामयाब नहीं रहीं। जेनसोल तथा उसकी उपभोक्तामुखी कंपनी ब्लूस्मार्ट के सेबी के जांच के दायरे में आने के बाद विधि विरुद्ध काम करने वाली स्टार्टअप की सूची और लंबी हो गई है। मंगलवार को शेयर बाजार नियामक ने जेनसोल इंजीनियरिंग के प्रवर्तकों और निदेशकों अनमोल सिंह जग्गी और पुनीत सिंह जग्गी को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया।

इस सप्ताह उस पर लोअर सर्किट लगा और इससे उसके शेयरधारक प्रभावित हुए। ग्राहकों पर भी असर पड़ा क्योंकि उसकी इलेक्ट्रिक कैब सेवा ब्लूस्मार्ट ने बिना किसी पूर्व सूचना के अपना परिचालन बंद कर दिया। ब्लूस्मार्ट ने उबर और ओला के दबदबे वाले कैब एग्रीगेटर क्षेत्र में ग्राहकों को विकल्प देने की पेशकश की थी। ब्लूस्मार्ट के बंद हो जाने के बाद उपभोक्ताओं को अब इन्हीं दो विदेशी फंडिंग वाली कंपनियों में से अपना चयन करना होगा। हालांकि कुछ शहरों में रैपिडो सेवा भी लोकप्रिय हो रही है। कुछ वर्ष पहले केलॉग स्कूल रिसर्च ने एक अध्ययन किया था जिसने यह दिखाया था कि नैतिक व्यवहार के मामले में स्टार्टअप के साथ अन्य संस्थानों की तुलना में नरमी बरती जानी चाहिए। परंतु अब समय आ गया है कि स्वतंत्र निदेशकों और लेखा परीक्षकों द्वारा अनैतिक आचरण को पहले ही चिह्नित कर दिया जाए। इसके साथ ही स्टार्टअप को भी यह याद रखना चाहिए कि उनके पास यह अधिकार नहीं है कि वे कारोबार और निजता की सीमा का घालमेल करें। यूनिकॉर्न और डेकाकॉर्न (क्रमशः एक अरब डॉलर और 10 अरब डॉलर से अधिक मूल्यवान स्टार्टअप) की स्थिति उन्हें अधिक मूल्यांकन तक पहुंचने में सहायता कर सकती है लेकिन कारोबार के अनैतिक तरीके उनके लिए मुश्किल पैदा कर सकते हैं।

वैश्विक अनिश्चितता के बीच सोने का आयात 192% बढ़ा

नई दिल्ली। टैरिफ वार के कारण दुनियाभर में उपजी वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच देश का सोना आयात मार्च, 2025 में 192.13 फीसदी की भारी बढ़ोतरी के साथ 4.47 अरब डॉलर पहुंच गया। चालू खाता घाटे पर असर डालने वाले सोना के आयात में फरवरी, 2025 में करीब 62 फीसदी की गिरावट आई थी, जबकि जनवरी में इसमें 40.8 फीसदी और दिसंबर, 2024 में 55.39 फीसदी का उछाल देखने को मिला था। हालांकि, मार्च में चांदी का आयात 85.4 फीसदी घटकर 11.93 करोड़ डॉलर रह गया। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, बीते वित्त वर्ष 2024-25 में सोने का आयात 27.27 फीसदी बढ़कर 58 अरब डॉलर पहुंच गया, जो 2023-24 में 45.54 अरब डॉलर रहा था। देश के कुल आयात में सोने की हिस्सेदारी 8 फीसदी है। बीते वित्त वर्ष में चांदी का आयात 11.24 फीसदी



घटकर 4.82 अरब डॉलर रह गया।

कीमतों में लगातार उछाल के बावजूद बहुमूल्य धातु के आयात में वृद्धि से संकेत मिलता है कि निवेशकों का सोने पर भरोसा मजबूत बना हुआ है, क्योंकि यह निवेश का एक सुरक्षित साधन है। विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक अनिश्चितताओं और कई देशों में तनाव के बीच सोने की ओर एसेट डायवर्सिफिकेशन, केंद्रीय बैंकों के बीच बढ़ती मांग और कीमतों में उछाल भी आयात वृद्धि के कारक हो सकते हैं। करीब 40 फीसदी हिस्सेदारी के साथ स्विट्जरलैंड भारत के लिए सोना आयात का सबसे बड़ा स्रोत है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) 16 फीसदी से अधिक हिस्सेदारी के साथ दूसरा और दक्षिण अफ्रीका करीब 10 फीसदी के साथ तीसरा सबसे बड़ा आयात स्रोत है।

सोने की कीमतों में इस साल अब तक 18,780 रुपये या 23.65 फीसदी की तेजी देखने को मिली है। एक जनवरी, 2025 को यह 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव बंद हुआ था, जबकि 17 अप्रैल को बढ़कर 98,170 रुपये प्रति 10 ग्राम की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया।

सोना आयात में उछाल से देश का व्यापार घाटा (आयात व निर्यात के बीच अंतर) मार्च में बढ़कर 21.54 अरब डॉलर पहुंच गया।

एचडीएफसी बैंक का मुनाफा सालाना आधार पर 6.7% बढ़ा

यस बैंक ने अपने नतीजों में दी यह जानकारी

नई दिल्ली। भारत के सबसे बड़े निजी बैंक ने शनिवार को अपने नतीजे जारी किए। शनिवार को वित्त वर्ष 25 के लिए अपने चौथी तिमाही के नतीजों का एलान करते हुए बैंक ने बताया कि उसका लाभ 17,616 करोड़ रुपये रहा जो पिछले साल की तुलना में 6.7% अधिक है। इस दौरान बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) पिछले साल की तुलना में 10.3% बढ़कर 32,070 करोड़ रुपये हो गई।

यस बैंक का मुनाफा सालाना आधार पर 63.3% बढ़ा : निजी क्षेत्र के ऋणदाता यस बैंक ने शनिवार को मार्च तिमाही के नतीजे जारी किए। आंकड़ों के अनुसार बैंका का स्टैंडअलोन मुनाफा सालाना आधार पर 63.3% बढ़कर 738 करोड़ रुपये हो गया। बैंक की शुद्ध ब्याज आय (टक्क) साल दर साल आधार पर 5.7% बढ़कर 2,276.3 करोड़ रुपये हो गई। शुद्ध लाभ और एनआईआई- ये दोनों ही आंकड़े बाजार के अनुमानों से बेहतर रहे। तिमाही पर देखें तो, बैंक की ब्याज आय साल-दर-साल आधार पर 2.3% बढ़कर 7,616 करोड़ रुपये हो गई।

दूसरी बार रिकॉर्ड 38.3 लाख करोड़ की परियोजनाओं में निवेश

निजी क्षेत्र की 69 व सरकारी की 31% हिस्सेदारी

नई दिल्ली। देशभर में वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 38.3 लाख करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा हुई है। यह मूल्य के लिहाज से 2015-16 के बाद एक दशक में दूसरी बार रिकॉर्ड परियोजनाओं की घोषणा है।

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुताबिक, कुल घोषणाओं में से 69 फीसदी यानी 25.2 लाख करोड़ की परियोजनाएं निजी क्षेत्र की और 31 फीसदी यानी 11.1 लाख करोड़ रुपये की सरकारी क्षेत्र की हैं।

२२सरकारी क्षेत्रों में केंद्र, राज्य और स्थानीय निकाय शामिल हैं। निजी क्षेत्र में 62 फीसदी (22.6 लाख करोड़) निवेश घरेलू कंपनियों के हैं। बाकी 2.6 लाख करोड़ रुपये विदेशी कंपनियों के हैं। निजी कंपनियों ने जिन क्षेत्रों में सबसे ज्यादा परियोजनाओं की घोषणा की हैं, उनमें अक्षय ऊर्जा शीर्ष पर है। केंद्र का जोर सड़क, रिफाइनरी और शिपिंग परियोजनाओं पर है। वहीं, राज्य सड़क, शिक्षा, परिवहन और रेलवे पर ध्यान दे रहे हैं।

पहली तीन तिमाहियों में सिर्फ 19.4 लाख करोड़ का निवेश : बीते वित्त वर्ष में सबसे ज्यादा परियोजनाओं की घोषणा इस साल जनवरी-मार्च में की गई, जो 18.9 लाख करोड़ की थीं। पहली तीन तिमाहियों में सिर्फ 19.4 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं घोषित हुई थीं। सरकारी निवेश में केंद्र का हिस्सा 7.4 लाख करोड़ रहा। राज्य और स्थानीय निकायों का 3.7 लाख करोड़ रुपये रहा।

कुल 38.3 लाख करोड़ की परियोजनाओं में ओडिशा, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा 37 फीसदी है। कर्नाटक, बिहार, राजस्थान, गुजरात और छत्तीसगढ़ का योगदान 33 फीसदी है।

सरकार के कुल निवेश में से 91 फीसदी हिस्सा पांच क्षेत्रों में हुआ है। इनमें रिन्यूएबल इलेक्ट्रिसिटी, सड़क परिवहन, रिफाइनरी, परंपरागत इलेक्ट्रिसिटी व शिपिंग हैं। इलेक्ट्रिसिटी और शिपिंग में 6.8 लाख करोड़ की परियोजनाएं शामिल हैं।

राशिफल

मेष : मन प्रसन्न रहेगा। पर, धैर्यशीलता में कमी रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। नौकरी में विदेश जाने के योग हैं।

वृष : आत्म संयत रहें। बेकार के क्रोध व वाद-विवाद से बचें। सेहत के प्रति सचेत रहें। किसी संपत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

मिथुन : मन शांत तो रहेगा, फिर भी भावनाओं को वश में रखें। संतान सुख में वृद्धि होगी। पर, जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। कारोबार में लाभ के मौके मिलेंगे।

कर्क : आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा। पर बेकार के क्रोध व वाद-विवाद से बचें। परिवार की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। आय बढ़ेगी।

सिंह : मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

कन्या : आशा-निराशा के भाव मन में रहेंगे। धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। खान-पान में रुचि रहेगी। नौकरी में बदलाव के योग है।

तुला : आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा। पर, धैर्यशीलता में कमी रहेगी। नौकरी में परिवर्तन के योग हैं। उच्च पद की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

वृश्चिक : मन परेशान रहेगा। धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। परिवार में शांति बनाए रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

धनु : मन अशांत रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के मौके मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

मकर : पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग हैं। शासन का सहयोग मिलेगा।

कुंभ : मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में विदेश जाने के योग हैं। आय में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। परिश्रम बढ़ेगा।

मीन : आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में संयत रहें। सेहत का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। लेखन कार्यों के अच्छे परिणाम मिलेंगे।

चुटकुले

गोलू आईने में देखने के बाद सोचने लगा...यार इसको कहीं देखा है...
काफी देर टेंशन में सोचने के बाद बोला..अरे ये तो वही है जो उस दिन मेरे साथ बाल कटवा रहा था।

पिता- तू फेल कैसे हो गया?
बेटा- पेपर में सवाल ही ऐसे-ऐसे आए थे, जो मुझे पता नहीं थे।
पिता- फिर उत्तर कैसे लिखे?
बेटा- मैंने भी उत्तर ऐसे-ऐसे लिखे, जो मास्टर को भी पता नहीं थे।

महिला घर में पुराने कागजात देख रही थी,
तभी उसके हाथ में पति का स्कूल रिपोर्ट कार्ड आया।
नंबरों के नीचे चरित्र प्रमाण पत्र पढ़कर पत्नी अभी तक बेहोश है...
लिखा था - मधुरभाषी एवं शांतिप्रिय छात्र!

'नीतिगत कार्रवाई में RBI सक्रिय' : संजय मल्होत्रा

दुनिया में जारी टैरिफ युद्ध के बीच भारतीय रिजर्व बैंक वैश्विक हालात पर लगातार नजर रखे हुए और अपनी नीतिगत फैसलों में यह 'सक्रिय और दुरुस्त' बना रहेगा। केंद्रीय बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने यह बात कही है।

मुंबई। इंडोनेशिया के बाली में 24वें एफआईएमएमडीए-पीडीएआई के वार्षिक सम्मेलन में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बोलते हुए कहा कि, पिछला साल वैश्विक स्तर पर वित्तीय बाजारों के लिए चुनौतिपूर्ण भरा रहा, वहीं वर्तमान में भी व्यापार युद्ध के कारण अनिश्चितताएं बनी हुई हैं। आरबीआई गवर्नर ने उच्च मुद्रास्फीति के खिलाफ उनकी लड़ाई को अंतिम चरण में पहुंचाने और अनिश्चितता के माहौल में नए रास्ते बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि अनिश्चितता भरे माहौल में भी भारतीय वित्तीय बाजार स्थिर रहे हैं और सभी खंड ने बेहतर प्रदर्शन किया है। यह सम्मेलन में भारतीय वित्तीय बाजार - बदलते परिवेश में मार्गदर्शन पर रहा जहां मौजूदा समय में वित्तीय बाजारों के प्रदर्शन पर चर्चा की गई।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा वित्तीय बाजारों ने उल्लेखनी प्रदर्शन किया है, जबकि वे अनिश्चित और अस्थिर वैश्विक वातावरण की अनिश्चितताओं से अछूते नहीं हैं। जैसा कि हमने हाल ही में मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद अपने बयान में उल्लेख किया है, हमारे घरेलू विकास मुद्रास्फीति संतुलन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। जिसकी वजह से वित्त वर्ष 2026 में मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत के लक्ष्य के अनुरूप बने रहने का अनुमान है। वैश्विक अनिश्चितताएं और मौसम संबंधी गड़बड़ी, हालांकि मुद्रास्फीति के दृष्टिकोण के लिए जोखिम पैदा करती हैं। भले ही हमने वित्त वर्ष 2026 के लिए 6.5 प्रतिशत पर कुछ कम वास्तविक जीडीपी विकास का अनुमान लगाया है, भारत अभी भी सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है।

बावजूद इसके हमारी आकांक्षा से बहुत कम है। हमने दो बार रेपो दरों में कमी की है और बाजार में पर्याप्त तरलता भी प्रदान की है।

रोचक तथ्यों का करंट



- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर पाये जाते हैं.
- दुनिया के अधिकतर लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट के भीतर ही सो जाते हैं.
- आप जिससे प्यार करते हैं उसके बगल में सोने से न केवन अवसाद में कमी आती है बल्कि आपकी उम्र भी बढ़ती है, आपको नींद अच्छी और गहरी आती है.
- क्या आप जानते है कि, भारत ने 100000 वर्षो में एक बार भी किसी के ऊपर पहले आक्रमण नहीं किया है.
- नाक पकड़ें कहीं गर्म तो नहीं हैं, क्या कहा गर्म है, यानी आप झूठ बोलते हैं, झूठ बोलने में पीएचडी किए हो क्या.
- हीरे की खुदाई सबसे पहले हमारे भारत देश में ही हुआ था.
- आपको यह बात जानकर हैरानी होगी कि औसतन कोई भी इंसान 1 साल में 50 लाख बार सांस लेता है.
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है.
- इंसान एक दिन में आधे घंटे सोने के बराबर पलके झपकाता है.
- इटली के अधिकतर लोग नए साल पर लाल रंग का अंडरवियर पहनते हैं, वो इसे लकी मानते हैं।

20 04 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

आज के जन्मदिन

गजेंद्र वर्मा
गायक

नीलम श्रीवास्तव

अशोक कसाना

अमित बघेल

गौरव त्यागी

क्षितिज शर्मा

राजेश वर्मा

प्रवीण शर्मा

दया राम

वीरेंद्र

नितिन त्यागी

भूपेंद्र भारद्वाज

अमित त्यागी

रोबिन सिंह

राहुल सिंह

डीएस मलिक

सोनू त्यागी

रिंकू बंसल

रोहित गर्ग

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

चहल की शानदार स्पिन बॉलिंग ने बदला मैच

14 ओवर के मैच में आरसीबी 95 रन बना सकी, पंजाब 5 विकेट से जीता

हेजलवुड टॉप विकेट टेकर्स में दूसरे नंबर पर पहुंचे

लखनऊ के निकोलस पूरन 357 रन बनाकर टॉप रन स्कोरर बने हुए हैं। बेंगलुरु के जोश हेजलवुड 12 विकेट लेकर टॉप विकेट टेकर्स लिस्ट में दूसरे नंबर पर पहुंच गए। पंजाब ने 7 में से 5वां मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। आरसीबी चौथे नंबर पर पहुंच गई।

बेंगलुरु। पंजाब किंग्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को क्च्छ के 34वें मैच में 5 विकेट से हरा दिया। चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुक्रवार को बारिश के कारण मैच 14-14 ओवर का खेला गया। पंजाब ने बॉलिंग चुनी। आरसीबी ने 9 विकेट खोकर 95 रन बनाए। पंजाब ने 12.1 ओवर में टारगेट हासिल कर लिया।

पंजाब से युजवेंद्र चहल, मार्को यानसन, अर्शदीप सिंह और हरप्रीत बरार ने 2-2 विकेट लिए। नेहल वाधेरा ने 33 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। बेंगलुरु से टिम डेविड ने फिफ्टी लगाई। जोश हेजलवुड ने 3 विकेट लिए।

आरसीबी के लिए नंबर-7 पर बैटिंग करने उतरे टिम डेविड के सामने टीम ने 42 रन पर 7 विकेट गंवा दिए। इस पोजिशन पर उन्होंने महज 26 गेंद पर फिफ्टी लगाई और टीम को 95 रन के चैलेंजिंग स्कोर तक पहुंचा दिया। उनकी टीम हार भले गई, लेकिन उनकी पारी ने उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच बना दिया। नंबर-5 पर बैटिंग करने उतरे नेहल ने तेजी से बैटिंग की। उन्होंने सुयश शर्मा के खिलाफ 2 चौके और 2 छक्के लगाए। वे 33 रन बनाकर नॉटआउट रहे और टीम को जीत दिलाई। चहल ने 3 ओवर में 11 ही रन दिए। उन्होंने आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार और जितेश शर्मा को कैच कराया। नई गेंद से बॉलिंग करने आए अर्शदीप ने 2 विकेट लिए। उन्होंने फिल सॉल्ट और विराट कोहली को पवेलियन भेजा। दूसरे स्पेल में बॉलिंग करने आए यानसन ने भी 2 विकेट लिए। उन्होंने क्रुणाल पंड्या और मनोज भांडागे को पवेलियन भेजा। यानसन ने कोहली का कैच भी पकड़ा।

जोश हेजलवुड ने 3 विकेट लेकर मैच बचाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें दूसरे एंड पर किसी का साथ नहीं मिला। हेजलवुड ने प्रियांश आर्या, श्रेयस अय्यर और जोश इंग्लिस को पवेलियन भेजा। उन्होंने अपने 3 ओवर में महज 14 रन खर्च किए।

8 ओवर में बेंगलुरु ने 53 रन पर 4 विकेट झटक लिए थे। यहां सुयश शर्मा बॉलिंग करने आए, उन्होंने नेहल वाधेरा के खिलाफ 4 गेंदें डॉट करा दीं, लेकिन आखिरी 2 गेंदों पर 10 रन दे दिए। सुयश ने फिर 11वें ओवर में 15 रन खर्च किए। लो स्कोरिंग मैच में उन्होंने 8 गेंद पर 25 रन दिए, यही मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ।

केएल राहुल आईपीएल में सबसे कम पारियों में 200 छक्के पूरे करने वाले बल्लेबाज

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने शनिवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह आईपीएल में सबसे कम पारियों में 200 छक्के पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए। इस मामले में उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली जैसे दिग्गज बल्लेबाजों को पीछे छोड़ दिया।

केएल राहुल ने बनाया बड़ा रिकॉर्ड

आईपीएल के मौजूदा सत्र में अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते दिख रहे हैं। इससे पहले वह लखनऊ का हिस्सा थे। इस सत्र में उनका बल्ला जमकर गरज रहा है। पिछली छह पारियों में दिग्गज खिलाड़ी ने 266 रन बनाए हैं। इसमें दो अर्धशतकीय पारियां भी शामिल हैं। अब दाएं हाथ के बल्लेबाज ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। वह आईपीएल में सबसे कम पारियों में 200 छक्के पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने यह कारनामा 129 पारियों में किया।

गुजरात के खिलाफ तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे केएल राहुल ने 14 गेंदों का सामना किया और चार चौके व एक छक्के की मदद से 28 रन बनाए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने यॉर्कर गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट किया। दिलचस्प बात यह है कि कृष्णा ने इस सत्र में सिर्फ दो बार यॉर्कर गेंदें फेंकी हैं जिनपर उन्हें विकेट मिले हैं। केएल राहुल से पहले तेज गेंदबाज ने टिम डेविड को पवेलियन की राह दिखाई है।

दिल्ली बनी गुजरात के खिलाफ पावरप्ले में सर्वाधिक रन बनाने वाली तीसरी टीम

इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2025 का पावरप्ले का अपना सबसे बड़ा स्कोर बना लिया। टीम ने शुरूआती छह ओवर में दो विकेट खोकर 73 रन बनाए। इससे पहले टीम ने मुंबई के खिलाफ दिल्ली में खेले गए मुकाबले में 72/1 का स्कोर तैयार किया था। इसके अलावा अक्षर पटेल की टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ पावरप्ले में सर्वाधिक रन बनाने वाली तीसरी टीम बन गई।

कोच फुल्टन ने की भारतीय हॉकी टीम की तारीफ कहा- राष्ट्रीय चैंपियनशिप से नई प्रतिभाएं मिलीं

नई दिल्ली। राष्ट्रीय चैंपियनशिप में युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन से प्रभावित भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने शनिवार को कहा कि देश की हॉकी में काफी गहराई है और मजबूत ह्यबेंच स्ट्रेंथह्व वाली टीम बनाने के लिए अगले 18 महीने महत्वपूर्ण होंगे। फुल्टन को हाल में समाप्त हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान भारत की क्षेत्रीय प्रतिभा को जानने और समझने का मौका मिला।

फुल्टन ने कहा, 'जब हमने अपनी मजबूती पर जोर दिया तो मैच काफी करीबी रहे। भारतीय हॉकी में काफी गहराई है विशेषकर गोलकीपिंग और कुछ अन्य क्षेत्रों में जिसे देखना बहुत अच्छा था। उन खिलाड़ियों को पहचानना भी उत्साहजनक था, जिन्होंने पहले लीग में भाग नहीं लिया था।' मुख्य कोच ने क्षेत्रीय टीमों के प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि जहां विजेता पंजाब का मजबूत पक्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की मौजूदगी था, वहीं शीर्ष चार टीमों ने कुल मिलाकर अच्छे संतुलन और गुणवत्ता का प्रदर्शन किया।

उन्होंने कहा, 'कुछ क्षेत्र निश्चित रूप से दूसरों की तुलना में मजबूत थे। उदाहरण के लिए, पंजाब सबसे अधिक संख्या में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ उतरा था जिसका उसे फायदा मिला। इसके अलावा शीर्ष चार टीमों में प्रतिभा का अच्छा संतुलन था।' फुल्टन ने एशिया कप चक्र के लिए एक नए कोर ग्रुप के गठन के संदर्भ में कहा कि उनका ध्यान खिलाड़ियों की उम्र पर नहीं बल्कि विशिष्ट भूमिकाओं के लिए सही खिलाड़ियों को खोजने पर है।

उन्होंने कहा, 'यह अधिक युवा खिलाड़ियों को लाने के बारे में नहीं है। यह उचित भूमिकाओं के लिए सही खिलाड़ियों की पहचान करने से जुड़ा है।' फुल्टन ने कहा, 'हम जल्द ही एक अभ्यास शिविर आयोजित करने जा रहे हैं जिसमें 54 खिलाड़ी भाग लेंगे। इनमें से 40 खिलाड़ियों का एक कोर ग्रुप तैयार किया जाएगा। हम खेल के प्रत्येक विभाग में मजबूती चाहते हैं। अगले 18 महीने मजबूत बेंच स्ट्रेंथ वाली टीम बनाने के लिए महत्वपूर्ण हैं।'

उन्होंने कहा, 'हम ऐसे खिलाड़ी चाहते हैं जो मैन-टू-मैन और डिफेंस दोनों के खिलाफ गेंद को प्रभावी ढंग से मूव कर सकें, समझदारी से विरोधी टीम पर दबाव बना सकें और अगर टीम पर दबाव है तो उससे बाहर निकल सकें।'

पंजाब की जीत पर श्रेयस ने की गेंदबाजों की तारीफ

आरसीबी की हार के लिए रजत ने इन्हें ठहराया जिम्मेदार

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बारिश से प्रभावित 14 ओवर के मैच में पांच विकेट की जीत का श्रेय गेंदबाजों को देते हुए पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि उनके गेंदबाजों ने परिस्थितियों से शानदार तरीके से सामंजस्य बिठाया। आरसीबी को नौ विकेट पर 95 रन पर रोकने के बाद पंजाब ने पांच विकेट गंवा कर लक्ष्य हासिल कर लिया।

पंजाब के कप्तान ने क्या कहा?

अय्यर ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, 'हमें हर तरह की परिस्थितियों का अनुभव मिल रहा है। इस मैच में भी हम अपनी रणनीति पर कायम रहे। हम अपनी योजना के मुताबिक चल रहे थे। मार्को (यानसेन) उछाल हासिल करने में सक्षम था। बाकी गेंदबाजों ने उसका साथ दिया।'

उन्होंने कहा, 'हमें इस पिच के बारे में नहीं पता था कि यह कैसा बर्ताव करेगी। हमारे गेंदबाजों ने खुद को परिस्थितियों के अनुसार ढाला।' उन्होंने लक्ष्य का पीछा करते समय नाबाद 33 रन की पारी खेलने वाले नेहल वढेरा की तारीफ करते हुए कहा, 'नेहल ने आज शानदार प्रदर्शन किया। उनके जैसा

बल्लेबाज टीम में होना अच्छा है।' वहीं, आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने कहा, 'शुरू में गेंद रुक रुक कर आ रही थी और विकेट पर दो गति से गेंद बल्ले पर आ रही थी, लेकिन हम बल्लेबाजी इकाई के रूप में कहीं बेहतर कर सकते थे। साझेदारियां महत्वपूर्ण हैं और हमने जल्दी अंतराल पर विकेट गंवाए हैं और यह हमारे लिए एक बड़ा सबक है। रजत ने पड्डिकल को बाहर करने पर कहा, 'हमें परिस्थितियों के कारण यह बदलाव करना पड़ा। विकेट इतना खराब नहीं था। यह लंबे समय तक कवर के नीचे था। इससे उनके गेंदबाजों को मदद मिली। इसका श्रेय उन्हें जाता है। विकेट चाहे जैसा भी हो, हमें अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी और विजयी स्कोर बनाना होगा।'

रजत ने कहा, 'गेंदबाजी इकाई काफी अच्छा कर रही है, यह एक बड़ा सकारात्मक पहलू है। बल्लेबाज जज्बे के साथ खेले हैं, यह सुखद है। हम बल्लेबाजी इकाई में अपनी कुछ गलतियों को सुधार सकते हैं।'

मैच में क्या हुआ?

पंजाब किंग्स ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर बारिश से प्रभावित इंडियन प्रीमियर लीग के 14 ओवर के मैच में शुक्रवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पांच विकेट से हराया। टिम डेविड के शानदार अर्धशतक के बावजूद आरसीबी की टीम नौ विकेट पर 95 रन ही बना सकी। पंजाब किंग्स ने 12.1 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 98 रन बनाकर जीत दर्ज की। पंजाब की यह सात मैचों में पांचवीं जीत है और टीम 10 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गयी। आरसीबी सात मैचों में आठ अंक के साथ चौथे स्थान पर है।

सौरभ चौधरी को उम्मीदें और लक्ष्य की चिंता नहीं, विश्व कप में स्वर्ण जीतकर शानदार वापसी की

नई दिल्ली। हाल ही में ब्यूनस आयर्स और लीमा में आईएसएसएफ विश्व कप में कांस्य और स्वर्ण पदक जीतने वाले भारतीय निशानेबाद सौरभ चौधरी को अपने लक्ष्य की चिंता नहीं है। सौरभ ने कहा कि वह पदक जीतने, लक्ष्य निर्धारित करने और उम्मीदों को पूरा करने के लिए अपनी नींद गंवाने की जगह कदम दर कदम आगे बढ़ना चाहेंगे। सौरभ ने शानदार प्रदर्शन के दम पर शीर्ष स्तर की निशानेबाजी में वापसी की है।

दो साल बाद की वापसी

पिस्टल निशानेबाज सौरभ ने दो साल के बाद वापसी की है। सौरभ खराब फॉर्म के कारण कुछ समय से बाहर थे और उन्होंने अपने करियर में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। सौरभ ने हालांकि, सुरुचि सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर मिश्रित टीम एयर पिस्टल प्रतियोगिता में कांस्य और स्वर्ण पदक जीता, जबकि लीमा में 10 मीटर व्यक्तिगत एयर पिस्टल स्पर्धा में तीसरा स्थान भी हासिल किया।

ट्रेनिंग पर ध्यान केंद्रित कर रहे सौरभ

सौरभ ने कहा, मैंने बस कड़ी मेहनत की और कभी-कभी तकनीकी रूप से भी पिस्टल के साथ प्रयोग किया। मैंने भविष्य के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया है और मुझे इस बात की चिंता नहीं है कि दूसरे मुझसे क्या उम्मीद कर रहे हैं। मैं सिर्फ अपनी ट्रेनिंग पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं और अच्छी निशानेबाजी करना चाहता हूं और लगातार सुधार करना चाहता हूं। जब मैं टीम का हिस्सा नहीं था, तो मुझे समझ नहीं आता था कि मेरे साथ क्या गलत था। लेकिन धीरे-धीरे चीजें बदलने लगी।

उन्होंने कहा, मुझे एनआईएआई के ट्रायल में पहली बार महसूस हुआ कि मैं लय हासिल कर रहा हूं। इसके बाद दूसरे प्रशिक्षण के दौरान मुझे आत्मविश्वास महसूस होने लगा। हमारे पास कुछ बहुत अच्छे युवा निशानेबाज हैं जिन्होंने हाल के दिनों मे अपनी प्रतिभा से प्रभावित किया है।

बेंगलुरु की घर में हार का सिलसिला जारी, पंजाब ने पांच विकेट से हराया

मुंबई। पंजाब किंग्स ने नेहाल वढेरा की शानदार बल्लेबाजी की मदद से आरसीबी को पांच विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। आरसीबी और पंजाब के बीच यह मुकाबला बारिश के कारण देरी से शुरू हुआ था और मैच को 14-14 ओवर कराने का फैसला किया गया था। पंजाब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जो सही साबित हुआ। आरसीबी की टीम 14 ओवर में नौ विकेट पर 95 रन ही बना सकी। जवाब में पंजाब ने 12.1 ओवर में पांच विकेट पर 98 रन बनाकर मैच जीत लिया। पंजाब के लिए नेहाल वढेरा ने सबसे ज्यादा 19 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 33 रन बनाए। आरसीबी की ओर से जोश हेजलवुड ने तीन विकेट झटके, जबकि भुवनेश्वर कुमार को दो सफलता मिली।

पंजाब की टीम इस जीत से अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। उसके सात मैचों में पांच जीत और दो हार के साथ 10 अंक हैं। वहीं, आरसीबी की टीम की सात मैचों में यह तीसरी हार है और वह चार जीत के साथ आठ अंक लेकर फिलहाल चौथे स्थान पर है।

लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही और उसने 32 रन पर दो विकेट गंवा दिए। प्रभसिमरन सिंह 13 और प्रियांश आर्या 16 रन बनाकर पवेलियन लौटे। पंजाब का स्कोर 50 रन के पार पहुंचा तो टीम ने कप्तान श्रेयस अय्यर का विकेट भी गंवा दिया जो सात रन बनाकर आउट हुए। श्रेयस के आउट होने के तुरंत बाद हेजलवुड ने जोश इंग्लिस को आउट किया जो 14 रन बनाकर पवेलियन लौटे। फिर नेहाव वढेरा ने कुछ अच्छे शॉट्स खेलकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया, लेकिन शशांक सिंह के रूप में पंजाब ने पांचवां विकेट भी गंवा दिया। शशांक एक रन बनाकर आउट हुए। मैच रोमांचक स्थिति में नजर आ रहा था, लेकिन नए बल्लेबाज के रूप में उतरे मार्कस स्टोइनिस ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। स्टोइनिस दो गेंदों पर सात रन बनाकर नाबाद लौटे।

टिम डेविड की शानदार बल्लेबाजी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पंजाब किंग्स के सामने जीत के लिए 96 रनों का लक्ष्य रखा है। पंजाब ने बारिश से बाधित इस मुकाबले में टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। आरसीबी की बल्लेबाजी बेहद खराब रही, लेकिन अंत में डेविड ने 26 गेंदों पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 50 रन बनाए जिससे आरसीबी 14 ओवर में नौ विकेट पर 95 रन बनाने में सफल रहा। बारिश के कारण मुकाबला देरी से शुरू हुआ और प्रत्येक पारी 14-14 ओवर कराने का फैसला हुआ।

पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी की शुरूआत खराब रही और उसकी आधी टीम 33 रन पर पवेलियन लौट गई। आरसीबी का कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सके और टीम के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे। टिम डेविड के अलावा सिर्फ कप्तान रजत पाटीदार ही दहाई अंक तक पहुंच सके। पाटीदार 18 गेंदों पर एक चौका और एक छक्के की मदद से 23 रन बनाकर आउट हुए।

पर्पल कैप की रेस में जोश हेजलवुड की धमाकेदार एंट्री, सीधे पेश की नंबर वन की दावेदारी

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल 2025 के ऑरेंज कैप की रेस में टॉप 5 में आरसीबी वर्सेस पीबीकेएस मैच के बाद कोई बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन पर्पल कैप की रेस में आरसीबी के पेसर जोश हेजलवुड ने लंबी छलांग लगाई है। वे संयुक्त रूप से अब पहले स्थान पर है। हालांकि, औसत के कारण नूर अहमद उनसे आगे हैं, लेकिन नूर अहमद और हेजलवुड के विकेटों की संख्या बराबर है। ऐसे में आप जान लीजिए कि टॉप 5 में कौन-कौन शामिल है।

आईपीएल 2025 के ऑरेंज कैप की बात करें तो एलएसजी के बल्लेबाज निकोलस पूरन अभी इस रेस में सबसे ऊपर हैं। नंबर दो पर जीटी के ओपनर साई सुदर्शन हैं और नंबर तीन पर एलएसजी के बल्लेबाज मिचेल मार्श हैं। मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव चौथे नंबर पर हैं। वे 265 रन बना चुके हैं, जबकि 257 रन श्रेयस अय्यर ने बनाए हैं। आरसीबी के खिलाफ वे सिर्फ सात रन बना पाए थे।

आईपीएल के मौजूदा सीजन के पर्पल कैप की रेस की बात करें तो चेन्नई सुपर किंग्स के स्पिनर नूर अहमद अभी 12 विकेटों के साथ शीर्ष पर हैं, लेकिन अब आरसीबी के पेसर जोश हेजलवुड ने उनकी बराबरी कर ली है। यही कारण है कि अब हार्दिक पांड्या दूसरे से तीसरे पायदान पर खिसक गए हैं और कुलदीप यादव तीसरे से चौथे स्थान पर आ गए हैं। वहीं, खलील अहमद चौथे से पांचवें पायदान पर खिसक गए हैं। शार्दुल ठाकुर टॉप 5 से बाहर हो गए हैं।

संजू सैमसन से अनबन की खबरों को लेकर राहुल द्रविड़ ने तोड़ी चुप्पी

मुंबई। राजस्थान रॉयल्स के कोच राहुल द्रविड़ ने संजू सैमसन के साथ अनबन पर चुप्पी तोड़ी है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सुपर ओवर से पहले जब राहुल द्रविड़ टीम के खिलाड़ियों को कुछ समझा रहे थे, तब सैमसन टीम सर्कल से बाहर दिखाई दे रहे थे। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद अटकलें लगाई जा रही थीं कि द्रविड़ और सैमसन के बीच सब कुछ ठीक नहीं है।

हालांकि लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मुकाबले से पहले द्रविड़ ने इन सभी रिपोर्ट्स को खारिज किया है। मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में द्रविड़ ने कहा, मुझे नहीं पता कि ये रिपोर्ट कहां से आ रही हैं। संजू और मैं एक ही राय रखते हैं। उन्होंने कहा, वह हमारी टीम का एक बहुत ही अभिन्न अंग है। वह हर निर्णय और चर्चा में शामिल होता है। कभी-कभी, जब आप खेल हार जाते हैं और चीजें सही नहीं होती हैं, तो आपको आलोचना का सामना करना पड़ता है और हम इसे अपने प्रदर्शन के आधार पर ले सकते हैं, लेकिन हम इस आधारहीन बात के बारे में कुछ नहीं कर सकते। टीम की भावना वास्तव में अच्छी है, मैं इन लोगों की मेहनत से प्रभावित हूं। एक बात जो लोग नहीं समझते हैं, वह यह है कि जब खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं करते हैं तो उन्हें कितना दुख होता है।

9 करोड़ के जेक फ्रेजर-मैक्गर्क को दिल्ली कैपिटल्स ने दिखाया बाहर का रास्ता

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैक्गर्क को लगातार खराब प्रदर्शन के कारण टीम ने बाहर का रास्ता दिखाया है। शनिवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले के दौरान अक्षर पटेल के नेतृत्त वाली टीम ने प्लेइंग इलेवन में बदलाव करते हुए सलामी बल्लेबाज को शामिल नहीं किया। हालांकि नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबले में वह इम्पैक्ट प्लेयर की सूची में मौजूद हैं। मैच की पूर्व संध्या पर मुख्य कोच हेमंग बदानी ने फ्रेजर का सपोर्ट करते हुए कहा था कि आगामी आईपीएल मैचों में वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में केवल दो विदेशी खिलाड़ियों ट्रिस्टन स्टब्स और मिशेल स्टार्क को अंतिम-11 में जगह दी है। जेक फ्रेजर-मैक्गर्क की जगह टीम ने मुकेश कुमार को मौका दिया है। फ्रेजर-मैकगर्क इस साल फॉर्म में

नहीं हैं, उन्होंने छह मैचों में सिर्फ 55 रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के इस बल्लेबाज ने 2024 आईपीएल सत्र नौ मैचों में चार अर्धशतक के साथ 330 रन बनाए थे। इस युवा सलामी बल्लेबाज के खराब लय के बावजूद दिल्ली की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। टीम छह मैचों में से पांच जीत के बाद अंक तालिका में शीर्ष पर है। आईपीएल से पहले फरवरी में श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज में भी वह कुछ कमाल नहीं दिखा सके थे। इससे पहले बिग बैश लीग 2024-25 में भी वह 10 मैचों में सिर्फ 188 रन ही बना सके थे। दिल्ली कैपिटल्स ने सलामी बल्लेबाज फ्रेजर मैकगर्क पर काफी भरोसा जताया था, क्योंकि आईपीएल 2024 में जेक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नौ मैचों में 330 रन बनाए थे। दिल्ली ने आईपीएल 2025 मेगा नीलामी में फ्रेजर को आरटीएम का इस्तेमाल करते हुए नौ करोड़ में टीम में शामिल किया था।

फ्रेजर को जारी सीजन में लगातार मौके इस वजह से भी मिले क्योंकि अनुभवी बल्लेबाज फाफ डुप्लेसी चोटिल हैं। दिल्ली के उपकप्तान डुप्लेसी ने 10 अप्रैल से कोई मैच नहीं खेला है। उन्हें आरसीबी के खिलाफ मैच के दौरान चोट लग गई थी।

फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज : कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने किया ओपन जिम का उद्घाटन

वसुंधरा सेक्टर 5 के पार्क में लोकार्पण के वक्त हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने वसुंधरा सेक्टर 5 के पार्क में ओपन जिम का उद्घाटन किया। वसुंधरा वार्ड 57 की मोहन मेकिंग सोसाइटी के पार्क में शनिवार की सुबह कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि शहर में लगाए जा रहे ओपन जिम सहायक साबित हो रहे हैं। उन्होंने वार्ड नंबर 54 मोहन मेकिंग सोसायटी के पार्क में ओपन जिम का उद्घाटन करते हुए यह बात कही।

ओपन जिम लगने से शहर के लोगों का कसरत के प्रति रुझान और ज्यादा बढ़ा है, जो कि लोगों की एक अच्छी पहल है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य को लेकर प्रदेश सरकार बहुत गंभीर है। साहिबाबाद की पहचान अब ओपन जिम वाले शहर के तौर पर होने लगी है। क्योंकि सरकार के मिशन तंदुरुस्त के अंतर्गत शहर के सभी पार्कों में ओपन जिम लगाए जा रहे हैं।

रोजाना कसरत स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी : कैबिनेट मंत्री

करंट क्राइम। शहर के अधिकतर पार्कों में ओपन जिम लगाए जा चुके हैं और बाकी पार्कों में भी जल्द ही जिम लगा दिए जाएंगे। नौजवान, बुजुर्ग व महिलाओं के अलावा बच्चे खुशी-खुशी व उत्साह से अलग-अलग जिम के साजो-सामान से कसरत कर रहे हैं। रोजाना कसरत स्वास्थ्य के लिए बहुत जरुरी वहीं वातावरण का शुद्ध होना भी समय की मुख्य जरुरत है।

पार्षद सतेंदर चौधरी ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का स्वागत किया

करंट क्राइम। इस मौके पार्षद सतेंदर चौधरी ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का स्वागत किया, और उन्होंने बताया कि 6 महीने पहले मंत्री जी इस पार्क के लिए ओपन जिम की मांग की थी, जिसे आज पूरा किया गया है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विनीत त्यागी, पार्षद नरेश भाटी, वीरेंद्र पवार, बी आर चौधरी, राजेंद्र सिंह, विशंभर दास, जगदीश हुड्डा, महेंद्र सिंह रावल, मुकेश पाल, डॉक्टर उदयवीर सिंह, विपुल कोहली, विनोद चौधरी, सुनील गुप्ता, जगलाल महतो, ओमप्रकाश त्यागी, योगराज आदि लोग मौजूद रहे।

अंतरिक्ष ग्रीन्स सोसायटी में निर्विरोध संपन्न हुआ आरडब्ल्यूए चुनाव, अध्यक्ष बने मोहम्मद नासिर

मोहम्मद नासिर

अमर कुमार वर्मा

मनीष श्रीवास्तव

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। अंतरिक्ष ग्रीन्स कौशांबी आरडब्ल्यूए के चुनाव संपन्न होकर नई कार्यकारणी गठित की गई। लगभग एक वर्ष से चल रहे गतिरोध के पश्चात अंततः अंतरिक्ष ग्रीन्स के चुनाव डिप्टी रजिस्ट्रार के द्वारा नियुक्त निर्वाचन अधिकारी पीयूष राय, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी की देखरेख में सफलतापूर्वक कराया गया और नई कार्यकारणी का चयन हुआ।

डॉ सुधा चौधरी

नए पदाधिकारियों में अध्यक्ष मोहम्मद नासिर, उपाध्यक्ष अमर कुमार वर्मा, सचिब डॉ. सुधा चौधरी, कोषाध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव निर्विरोध चुने गए हैं। वहीं अरुणा राय, धीरज अरोड़ा सदस्य पद पर चुने गए हैं।

अध्यक्ष मोहम्मद नासिर ने सभी चुनाव अधिकारियों का हृदय से धन्यवाद करते हुए अभिनंदन किया कि उनके कुशल नेतृत्व में निर्विरोध तरीके से चुनाव की प्रक्रिया को संपन्न कराया गया। उन्होंने कहा कि इस जीत का पूरा श्रेय सोसायटी के सदस्यों एवं निवासियों को दिया कि जिनके आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन के कारण उनके पूरे पैनल को निर्विरोध विजय बनाया।

शादी के बाद मांगे 21 लाख और ऑडी

आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी, शिकायत पर मुकदमा दर्ज

नोएडा करंट क्राइम। थाना सेक्टर-24 क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पति समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

पीड़िता का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग उससे अतिरिक्त दहेज में ऑडी और 21 लाख रुपये की मांग करते हैं। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह 15 मई 2022 को थाना फेज-दो क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से हुआ था। परिजन ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। पीड़िता आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग उस दहेज से संतुष्ट नहीं थे। ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज के रूप में ऑडी कार वह 21 लाख रुपए की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उत्पीड़न शुरू कर दिया। आरोपियों ने मारपीट की और चुन्नी से गला घोटकर हत्या का प्रयास किया। पीड़िता का आरोप है कि पति ने उसकी बिना अनुमति के मोबाइल के जरिए धोखे से आपत्तिजनक वीडियो बना रखा है। जिसे वह वायरल करने की धमकी देता है। महिला के अनुसार 29 अगस्त 2024 की रात पति देर रात घर लौटा और जबरन कुकर्म करने का प्रयास किया। विरोध करने पर बेरहमी से पीटा। वह जान बचाने के लिए अपना मोबाइल फोन लेकर बाथरूम में चली गईं और पुलिस को सूचना दी। मौके पर थाना फेज-दो पुलिस आई और उन्हें बचाया।

वसुंधरा में डॉ बीआर अंबेडकर जन कल्याण समिति ने शोभायात्रा

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। शनिवार को वसुंधरा में डॉ बी आर अंबेडकर जनकल्याण समिति द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर धूमधाम से शोभायात्रा निकली।

समिति के अध्यक्ष महेश गौतम ने बाबा साहब के बलिदान की विस्तार से जानकारी देते हुए उनके आदर्शों का पालन करने का आव्हान किया। भारत के महान संविधान के निमार्ता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई। शोभा यात्रा का शुभारंभ वसुंधरा सेक्टर 1 से हुआ वसुंधरा सेक्टर 2 वसुंधरा सेक्टर 5 आदर्श पार्क बुद्ध चौक अटल चौक होते हुए वसुंधरा सेक्टर 17 होते हुए सेक्टर 15 बुधवाटिका पर संपूर्ण हुई। इस दौरान शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत व सम्मान किया गया। जहां संस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर ने दुनिया का सर्वश्रेष्ठ संविधान देश को दिया है।उन्होंने सर्वसमाज के लिए कल्याण के लिए कार्य किया।बाबा साहब ने बहुत कष्ट सहे लेकिन देश और देशवासियों के हित के लिए पीछे नहीं हटे और संघर्ष किया।इस संविधान के कारण पूरी दुनिया भारत को सम्मान की दृष्टि से देखती है। हम सभी को बाबा साहब के आदर्शों का पालन करना चाहिए और संविधान का सम्मान करना चाहिए। इस मौके पर समिति के संस्थापक इस रवि अध्यक्ष महेश चंद्र गौतम आर्य सुमन ओमप्रकाश एमपी सिंह धर्म सिंह सर भारती ओम प्रकाश जयप्रकाश रविंद्र सिंह मनोज कुमार अशोक कुमार वर्मा ओमप्रकाश क सिंह चुन्नीलाल, पार्षद सतेंदर चौधरी, सुनील शर्मा, वीरेंद्र पवार, बी आर चौधरी, योगीराज राजेंद्र मास्टर आदि लोग मौजूद रहे।

बंगाल हिंसा के विरोध में उतरे हिंदू संगठन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हापुड़ करंट क्राइम। पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून को लेकर हुई हिंसा के विरोध में हापुड़ में हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग की। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष सुधीर चोटी ने बताया कि बंगाल में 11 अप्रैल से शुरू हुई हिंसा अब पूरे राज्य में फैल चुकी है। इस हिंसा में सैकड़ों हिंदू परिवारों के घर और दुकानें जला दी गईं। कई नागरिकों की हत्या की गई और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया गया। करीब 500 से ज्यादा परिवारों को अपना घर छोड़ना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम इला प्रकाश को सौंपे ज्ञापन में कहा कि राज्य सरकार मूकदर्शक बनी रही। कई जगहों पर दंगाइयों को अप्रत्यक्ष संरक्षण भी मिला।

प्रथम राष्ट्रीय सीएसएसआर प्रतियोगिता का आयोजन

गाजियाबाद करंट क्राइम। गाजियाबाद स्थित 8वीं वाहिनी, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल में दिनांक-21.04.2025 से 23.04.2025 तक तीन दिवसीय राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की प्रथम राष्ट्रीय सी0एस0एस0आर0 प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में 8 राज्यों की टीमें हिस्सा ले रही है जिसमें आंध्र प्रदेश, दमन और दीव, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, नागालैण्ड, उड़ीसा, उत्तराखण्ड एवं पश्चिम बंगाल की टीमें शामिल हैं। इससे पहले माह मार्च में पूरे भारत वर्ष की एसडीआरएफ की टीमों ने हिस्सा लिया जो एनडीआरएफ की बटालियनों द्वारा अलग-अलग चार जोन में आयोजित करवाई गई थी इसमें प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया हैं। 8वीं बटालियन कमाण्डेंट प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि यह बड़े हर्ष की बात है कि 8वीं बटालियन को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता करवाने का अवसर मिला है। यह प्रतियोगिता बल प्रमुख श्री पीयूष आनंद, (आई.पी.एस.) महानिदेशक, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के नेतृत्व में आयोजित करवाई जा रही है। देश के अलग अलग राज्यों से लगभग 200 प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए आ रहे हैं। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह नई दिल्ली में 24 अप्रैल को किया जायेगा जिसमें प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को रू0 एक लाख, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 75 हजार और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 50 हजार रू0 दिये जायेंगे इसके साथ ही इन प्रतिभागियों को मैडल और प्रमाण पत्र भी दिये जायेंगें।

पार्षद यशपाल पहलवान ने किया विकास कार्य का उद्घाटन

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड 20 के पार्षद यशपाल पहलवान ने शनिवार को राजीव कॉलोनी की गली नंबर 10 में नाली एवं इंटरलोकीन टाइल्स के काम का नारियल तोड़कर उद्घाटन किया।

पार्षद यशपाल पहलवान ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास की नीति पर कार्य कर रही है। प्रत्येक तबके को विकसित करना ही उनकी प्राथमिकता है। वार्ड 20 क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अधिकांश कॉलोनी में सभी जर्जर मार्गों को दुरस्त कराया जा रहा है। जो शेष रह गए हैं, उन पर भी काम चल रहा है। उनका प्रयास है कि सड़क, पानी, बिजली समेत तमाम मूलभूत सुविधाओं का लाभ वार्डवासियों को मिलता रहे।

इस अवसर पर वार्ड अध्यक्ष डॉ कमल, अमित, सुमित, संजय, मुकीम, ओमवाती, साहना, अफसर, राजा , गोपाल, कय्यूम आदि लोग मौजूद रहे।

पुलिस की निष्क्रियता से आहत पीड़ित परिवारों ने लगाए मकान बिकाऊ के पोस्टर



मोदीनगर करंट क्राइम। गाजियाबाद के निवाड़ी थाना क्षेत्र के डबाना गांव में एक शादी समारोह के दौरान हुई हिंसा का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। 15 अप्रैल को हुई इस घटना में फायरिंग और मारपीट में दो युवक घायल हुए थे। एक युवक को गोली लगी, जबकि दूसरे को पिस्टल की बट से मारा गया। पीड़ित परिवार ने गांव के लोकेंद्र, राहुल, निवाड़ी के चर्चिल और एक अज्ञात व्यक्ति पर आरोप लगाया है। घटना के दौरान एक व्यक्ति को फायरिंग करते हुए भागते देखा गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया, लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई।

फिर दिखेगी फुट पेट्रोलिंग वाली पुलिसिंग

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में लंबे समय बाद परिवर्तन वाली पुलिसिंग दिखाई दे रही है। तो कहा जा रहा है कि जिनती तेजी से पुलिस कमिश्नरेट में बदलाव नजर आने लगे हैं, उतना पहले नहीं होता था। कमिश्नरेट में नए आदेश जनता और पुलिस के हित में होते हुए दिखाई दे रहे हैं। तो नए कमिश्नर ने चार्ज लेने के बाद सकारात्मक संकेत दिए हैं। तो पुलिसकर्मियों को भी बेहतर पुलिसिंग करने का फरमान सुनाया गया है। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में एक बार फिर फुट पेट्रोलिंग वाली पुलिसिंग दिखाई देगी, जो कमिश्नरेट सिस्टम से पहले क्राइम कंट्रोल और अपराधियों पर लगाम लगाने का सबसे बड़ा हथियार बनी थी। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से बीते तीन दिनों के भीतर निरीक्षण और मीटिंग वाला दौर चला है, उसके रिजल्ट सप्ताह भर के अंदर आने शुरू हो जाएंगे । पुलिस के अधिकारियों को जहां वर्किंग बेहतर करने के निर्देश दिए गए हैं, तो वही पुलिसकर्मियों को व्यवहार बेहद सौम्य और सरलता वाला रहने का भी फरमान सुनाया गया है। वही एक दिन पहले पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद ने जो आदेश दिया वह अगले दिन चरितार्थ और सत्य होता नजर आया। जिन वादियों ने मुकदमे दर्ज कराए थे ,उनकी एफआईआर उनके दरवाजे तक पहुंचाने के लिए खुद वही पुलिसकर्मी पहुंचे जो पहले उन्हें थानों में चक्कर लगवाते थे। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जिस तरीके से पुलिसिंग और पुलिसकर्मियों का वर्किंग स्टाइल बदल रहा है, उसकी चर्चा गाजियाबाद से लेकर लखनऊ तक में शुरू हो गई है। वही सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से शनिवार को कमिश्नरेट के थानों में थाना प्रभारियों ने जनसुनवाई वाली कार्रवाई की है, उसका भी आने वाले दिनों में सकारात्मक परिणाम आएगा। अधिकारियों का कहना है जब थाने में फरियादियों की बात सुनी जाएगी, तो वह अधिकारियों के दरवाजे पर कम दस्तक देंगे। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जैसे-जैसे गर्मी बढ़ेगी वैसे-वैसे पुलिस कर्मियों की फुट पेट्रोलिंग वाली पुलिसिंग का नजारा भी देखने को मिलेगा। वहीं सूचना मिली है कि 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर सुरक्षा का कड़ा पहरा और ज्वेलर्स कारोबारियों को सुरक्षा का एहसास कराने का भी आने वाले दिनों में संदेश दिया जाएगा।



गोलीकांड मामले में आधा दर्जन हिरासत में

दो नामजदों ने कोर्ट में समर्पण के लिए दिया प्रार्थना पत्र

मोदीनगर, करंट क्राइम। तीन दिन पूर्व जमीनी विवाद के चलते बेखौफ बदमाशों की ओर से किये गये गोलीकांड मामले में पुलिस ने आरोपियों के परिवार के आधा दर्जन लोगो को हिरासत में लिया हैं। उधर, फरार आरोपियों में से दो नामजदों ने कोर्ट में समर्पण के लिये प्रार्थना पत्र लगाया हैं। पुलिस की तीन टीमों की ओर से आरोपियों की धरपकड के लिये दिल्ली,नोएडा,मेरठ सहित कई स्थानों पर ताबडतोड़ दबिश दी जा रही हैं, लेकिन अभी तक इस गोलीकांड का कोई मुख्य आरोपी को पुलिस गिरफ्तार नही कर पायी हैं।

बता दें कि 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती वाली रात्रि में गांव डबाना के ग्राम प्रधान अजय की बेटी के विवाह समारोह में निवाड़ी थाना क्षेत्र के गांव डबाना में बेखौफ बदमाशो ने जमीनी रंजिश के चलते गांव के ही किसान गजेंद्र उर्फ मुन्नू को गोली मारकर घायल कर दिया था, जब कि उसके साथी गांव फिरोजपुर के योगेश को पिस्टल की बट मारकर घायल किया था। इस मामले में घायल गजेंद्र के भाई विकास की ओर से गांव डबाना के ही लोकेंद्र, राहुल, कस्बा पतला निवासी चर्चिल व एक अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस की तीन टीमें आरोपियों की धरपकड में लगातार आसपास के जिलों में दबिश दे रही हैं। बताया जा रहा है कि फरार दो आरोपियों की ओर से कोर्ट में सरेंडर करने के लिये प्रार्थना पत्र दिया गया हैं, वही पुलिस ने गिरफ्तारी को लेकर आरोपियों पर दबाव बनाने के लिये आधा दर्जन से अधिक लोगो को हिरासत में ले लिया हैं। पुलिस जांच अधिकारी प्रभुदयाल ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर यह घटना होना सामने आई हैं, जिसमें आरोपी लोकेंद्र ने कोर्ट में चल रहे मुकदमें को लेकर गजेंद्र पर फैसला करने का कई बार दबाव बनाया, जिसे लेकर इस घटना को अंजाम दिया गया। घटना की सीसीटीवी फुटेज व डीवीआर को लेकर पुलिस बारीकी से जांच कर रही हैं। पुलिस के सख्त रैवये के चलते आरोपियों के परिजन गांव से पलायन कर गये है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि फरार बदमाशों का पुलिस पता कर रही है,शीघ्र ही सभी की गिरफ्तारी होगी।

नोएडा में भाजपा ने किया विरोध प्रदर्शन

नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल और सोनिया गांधी का पुतला फूंका, जमकर की नारेबाजी

नोएडा करंट क्राइम। नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किए जाने के बाद कांग्रेस की ओर से देशभर में किए जा रहे विरोध प्रदर्शनों के जवाब में शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा ने नोएडा में प्रदर्शन किया। ये प्रदर्शन नोएडा स्टेडियम के गेट-4 पर किया गया। इस दौरान सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी की गई और उनका पुतला फूंका गया। युवा मोर्चा नोएडा महानगर जिलाध्यक्ष राम निवास यादव ने कहा कि कांग्रेस ईडी की कार्रवाई से घबरा गई है। जांच एजेंसी पर दबाव बनाने के उद्देश्य से उसके अधिकारियों के घरों के बाहर प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश में अराजकता फैलाकर कानून की प्रक्रिया में बाधा पहुंचाने की कोशिश कर रही है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह सिर्फ एक राजनीतिक मामला नहीं है। बल्कि देश की जनता से जुड़ा एक गंभीर विषय है। जिसे कांग्रेस ने वर्षों तक नजरअंदाज किया। भाजपा युवा मोर्चा भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाता रहेगा और कांग्रेस की दबाव की राजनीति को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। कार्यक्रम में अनुज कश्यप, रामनिवास यादव, विपुल शर्मा, अर्पित मिश्रा, सत्यम सिंह, दीपक मेहरा, गौरव मेहरा, कार्तिकेय शर्मा, जितेंद्र तोमर, पंकज झा, सुनीता शर्मा, लोकेश कश्यप, शिवम पाठक, अनिल पाठक, सौरभ चौहान, दीपक अवाना, विनोद शर्मा धर्मेंद्र गुप्ता सत्यनारायण महावार नीरज चौधरी मौजूद रहे।

हापुड़ में 147 हज यात्रियों की तैयारी शुरू

141 लोगों का टीकाकरण, मदरसा जामिया अरबिया में हज के अरकान की दी जानकारी

हापुड़, करंट क्राइम। हापुड़ में हज यात्रा 2025 की तैयारियां शुरू हो गई हैं। बुलंदशहर रोड स्थित जामिया अरबिया खादिमुल इस्लाम में टीकाकरण और प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिले से इस बार 147 लोग हज यात्रा पर जाएंगे। डॉ. योगेश गुप्ता के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 141 यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। सभी को पोलियो की खुराक दी गई और आवश्यक टीके लगाए गए। मदरसा मुहतमिम मुफ्ती अब्दुल कदीम, शहर काजी मुफ्ती मकसूद आलम और नायब शहर काजी मौलाना असअद ने प्रशिक्षण दिया। उन्होंने हज के अरकान और महत्व के बारे में विस्तार से बताया। अनुभवी हज यात्रियों ने भी प्रशिक्षण में योगदान दिया। इनमें हाजी इस्माईल, हाजी फजलुर्रहमान, हाजी रिजवान, हाजी परवेज, हाजी नौशाद और शाहनवाज शामिल थे। कार्यक्रम में डॉ. जुल्फेकार, डॉ. राकेश, डॉ. शिवा अग्रवाल, शबनम और मुफ्ती कासिम भी मौजूद रहे।

नोएडा में 5 लाख टन कार्बन इमिशन होगा कम सोलर एनर्जी से चलेंगे नोएडा के चार एसटीपी

नोएडा करंट क्राइम। नोएडा एसटीपी प्लांट के जरिए पांच साल में 5 लाख टन कार्बन इमिशन को कम करेगा। इसके लिए यहां संचालित चार एसटीपी (सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) को सोलर ऊर्जा से चलाया जाएगा। इसके लिए 6 मेगावाट का सोलर एनर्जी प्लांट लगाया जाएगा। ये प्लांट सभी छह एसटीपी को संचालित करने में लगने वाली बिजली खपत को आधा कर देगा। वर्तमान में एक एसटीपी प्लांट को चलाने में 2 मेगावाट बिजली लगती है।

रोजाना 1000 यूनिट खपत होगी कम

करंट क्राइम। प्राधिकरण के महाप्रबंधक जल-सीवर आरपी सिंह ने बताया कि इस प्रोजेक्ट को सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। उन्होंने बताया कि बिजली की एक यूनिट कम करने से 30 ग्राम कार्बन रेडिएशन की बचत होती है। वर्तमान में एक एसटीपी में रोजाना 2000 यूनिट खपत कर रहा है। सोलर पैनल लग जाने से रोजाना करीब 1000 यूनिट की खपत कम हो जाएगा। ऐसे में रोजाना कई किलों कार्बन रेडिएशन को कम किया जा सकेगा। इसकी वजह नोएडा में बढ़ते प्रदूषण स्तर को कम करना है।

नोएडा को बना रहे सोलर सिटी

करंट क्राइम। 2024-25 के बजट में नोएडा को सोलर सिटी के रुप में विकासित करने का रोड मैप तैयार किया गया है। इस रोडमैप के अनुसार ही यहां चलने वाले सभी एसटीपी को सोलर एनर्जी से संचालित किए जाएंगे। इसके अलावा स्ट्रीट लाइटों को भी सोलर एनर्जी से चलाया जाएगा। सभी एसटीपी प्लांट के लिए सोलर एनर्जी प्लांट लगाने का काम जल्द शुरू हो जाएगा। इसमें कितना खर्च आएगा डीपीआर तैयार की जा रही है।

दो कारों की टक्कर में मारपीट, एक घायल

मोदीनगर करंट क्राइम। दो कारों की भिडंत हो गई, जिसमें एक कार में सवार पांच लोगो ने दूसरी कार के चालक को गाली गलौच करते हुये मारपीट कर घायल कर दिया ओर उसकी गाडी में तोडफोड करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये फरार हो गये। पीडित ने वाहन संख्या के आधार पर मुकदमा दर्ज कराया है।

गांव कादराबाद निवासी यशपाल आर्य जब अपने मालिक की इनोवा कार से गोविंदपुरी से कादराबाद जा रहे थे, इस बीच उनकी कार को ओवरटेक कर एसेंट कार सवार पांच लोगो ने रोक लिया ओर रोडरेज की घटना का आरोप लगाते हुयें यशपाल आर्य के साथ मारपीट कर दी। साथ ही गाडी में तोडफोड कर डाली ओर जान से मारने की धमकी देते हुयें फरार हो गये। पीडित थाने पहुंचा ओर आपबीती सुनाई। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि वाहन संख्या के आधार पर आरोपियों की धरपकड के प्रयास किये जा रहें है।

एसीएलयू की अपील पर सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

वेनेजुएला के लोगों के निर्वासन पर अस्थायी रूप से लगाई रोक

वॉशिंगटन । यह फैसला 18वीं सदी के पुराने कानून एलियन एनिमीज एक्ट (1798) के तहत किए जा रहे निर्वासन के खिलाफ दायर याचिका पर आया है।

बता दें कि यह मामला अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन (एसीएलयू) द्वारा सुप्रीम कोर्ट में की गई आपात अपील से जुड़ा है, जिसमें एसीएलयू का कहना था कि ट्रंप प्रशासन इस युद्धकालीन कानून का इस्तेमाल करके वेनेजुएला के लोगों को अवैध तरीके से वापस भेजने की कोशिश कर रहा है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर एक नजर : मामले में एसीएलयू की अपील पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल यह आदेश दिया है कि इन लोगों को अगले आदेश तक डिपोर्ट न किया जाए। हालांकि, जस्टिस क्लेरेंस थॉमस और सैमुअल एलिटो ने इस फैसले से असहमति जताई।

एसीएलयू का आरोप गौरतलब है कि मामले में एसीएलयू ने आरोप लगाते हुए कहा था ।

कि प्रशासन जानबूझकर उन्हें ऐसे डिटेंशन सेंटर में भेज रहा है जहाँ कोर्ट ने कोई रोक

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को एक अहम फैसला लेते हुए टेक्सास के डिटेंशन सेंटर में बंद वेनेजुएला के लोगों को फिलहाल उनके देश वापस भेजने पर रोक लगा दी है

नहीं लगाई है, ताकि निर्वासन किया जा सके। साथ ही एसएलयू के वकील ली गेलरेंट ने दावा किया कि प्रशासन इन लोगों को शुक्रवार की रात बसों में भरकर एयरपोर्ट ले गया ताकि शनिवार को डिपोर्ट कर सके। इसी के चलते सुप्रीम कोर्ट में आपात याचिका दायर की गई।

गौरतलब है कि ब्लूबोनेट डिटेंशन सेंटर (उत्तरी टेक्सास) में कुछ वेनेजुएला के नागरिक बंद हैं। आव्रजन अधिकारी उन्हें ट्रेन डी अरागुआ नाम के खतरनाक गैंग का सदस्य बताकर तुरंत निर्वासित करना चाहते हैं। एसीएलयू ने आरोप लगाया कि इन लोगों को बिना सुनवाई का मौका दिए सीधे डिपोर्ट किया जा रहा है। कई लोगों को अंग्रेजी में दस्तावेजों पर जबरदस्ती हस्ताक्षर कराए गए, जबकि वे केवल स्पेनिश जानते थे।

कनाडा में भारतीय छात्रा की गोली लगने से मौत, दो गैंग की मुठभेड़ में निशाना बनी पीड़िता

ओंटारियो । कनाडा में एक 21 वर्षीय भारतीय छात्रा की गोली लगने से मौत हो गई। घटना के समय पीड़िता एक बस स्टॉप पर खड़े होकर काम पर जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थी, तभी उसे गोली लगी। पुलिस का कहना है कि बस स्टॉप के नजदीक ही एक कार से गोली चलाई गई। दरअसल दो कार सवारों ने एक दूसरे पर गोली चलाई थी। इसी गोलीबारी की चपेट में भारतीय छात्रा आ गई, जिससे उसकी जान चली गई।

महावाणिज्य दूतावास ने जारी किया बयान

मृतक भारतीय छात्रा की पहचान हरसिमरत रंधावा के रूप में हुई है, जो कनाडा के ओंटारियो के हेमिल्टन स्थित मोहॉक कॉलेज की छात्रा थी। टोरंटो में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'हम भारतीय छात्रा हरसिमरत रंधावा की दुखद मौत से दुखी हैं। स्थानीय पुलिस के अनुसार, वह बेगुनाह पीड़ित थी, जो बस स्टॉप पर हुई गोलीबारी के बीच फंस गई। पुलिस घटना की जांच कर रही है। हम पीड़िता के परिवार के संपर्क में हैं और सभी जरूरी मदद कर रहे हैं। इस मुश्किल वक्त में हमारी संवेदनाएं पीड़ित परिवार के साथ हैं।'

नजदीक के घर में भी बाल-बाल बचे लोग : पुलिस ने बताया कि शाम करीब 7.30 बजे उन्हें हैमिल्टन में अपर जेम्स इलाके में गोलीबारी की सूचना मिली। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो मौके पर भारतीय छात्रा घायल अवस्था में मिली और उसके सीने में गोली लगी थी। पुलिस ने छात्रा को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच से पता चला कि एक काले रंग की कार में सवार लोगों ने एक सफेद रंग की कार पर गोली चलाई थी।

गैरी शेपली को कार्यवाहक आईआरएस आयुक्त पद से हटाया

वॉशिंगटन । कार्यवाहक आईआरएस आयुक्त के पद पर पदोन्नत होने के कुछ ही दिनों बाद गैरी शेपली को फिर से पद से हटा दिया गया है। अब उनकी जगह डिप्टी ट्रेजरी सेक्रेटरी माइकल फॉल्केंडर को नियुक्त किया जाएगा। गैरी को पद से हटाए जाने की जानकारी फैसले से परिचित तीन लोगों ने दी है। गैरी शेपली ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के बेटे हंटर बाइडन की टैक्स जांच के बारे में कांग्रेस के सामने सार्जनिक रूप से गवाही दी थी।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जनवरी में पदभार ग्रहण करने के बाद से फॉल्केंडर चौथे आईआरएस प्रमुख होंगे। ये फैसला ऐसे समय में हुआ है जब राष्ट्रपति ट्रंप ने दोबारा सत्ता में आने के बाद कई बड़े बदलाव किए हैं। इससे आईआरएस विभाग में काफी उथल-पुथल हो गई है। ट्रंप के फैसलों के चलते कई अधिकारी पद छोड़ चुके हैं या बदले जा चुके हैं।

शेपली से नाराज थे ट्रेजरी सचिव

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शेपली को लेकर ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट नाराज थे। उन्होंने ट्रंप से शिकायत की थी कि शेपली को उनकी जानकारी के बिना और एलन मस्क के कहने पर नियुक्त किया गया था। मस्क सरकारी दक्षता विभाग (ऊडत्रक्ष्ए) का नेतृत्व करने के दौरान कैबिनेट अधिकारियों के साथ टकराव में रहे हैं।

मस्क ने लूमर की एक्स पोस्ट की साझा : बृहस्पतिवार देर रात, मस्क ने ट्रंप समर्थक कार्यकर्ता लॉरा लूमर की एक एक्स पोस्ट साझा की। लूमर ने सोशल मीडिया पर बेसेंट की आलोचना की। लूमर ने लिखा, 'मैं व्यक्तिगत रूप से राष्ट्रपति ट्रंप को बताने जा रही हूं और उन्हें व्यक्तिगत रूप से रसीदें दिखाऊंगी।

तुर्कमेनिस्तान ने इलेक्ट्रॉनिक वीजा के लिए बनाया कानून, विदेशी नागरिकों के लिए प्रवेश होगा आसान

मध्य एशियाई राष्ट्र तुर्कमेनिस्तान ने शुक्रवार को इलेक्ट्रॉनिक वीजा की अनुमति देने के लिए एक कानून बनाया है। इसके तहत देश में विदेशी लोगों के लिए प्रवेश आसान हो जाएगा। इस कानून के तहत अब लोग ऑनलाइन ई-वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। बता दें कि तुर्कमेनिस्तान, लंबे समय से दुनिया के सबसे बंद और सख्त नियमों वाले देशों में से एक है।

1991 में सोवियत संघ के पतन के बाद तुर्कमेनिस्तान स्वतंत्र हो गया था। इसके बाद से गैस-समृद्ध देश ने संभावित आगंतुकों के लिए सख्त प्रवेश आवश्यकताएं रखी हैं। अब तक तुर्कमेनिस्तान आने वाले विदेशियों को पहले से वीजा लेना पड़ता था। इसके साथ ही किसी व्यक्ति या संस्था से एक औपचारिक आमंत्रण पत्र भी दिखाना पड़ता था। फिर भी कई लोगों के वीजा बिना किसी स्पष्ट कारण के रद्द कर दिए जाते थे।

नए कानून के तहत अब ऐसा नहीं होगा। विदेशी नागरिक अब एक सरलीकृत ऑनलाइन फॉर्म भर सकेंगे। अब वीजा समर्थन पत्रों की आवश्यकता नहीं होगी। नए कानून के चलते संभावित रूप से विदेशी पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और व्यापारिक यात्राएं भी आसान हो जाएंगी। **राष्ट्रपति तय करेंगे कैसे जारी किया जाएगा वीजा :** स्थानीय सरकारी समाचार पत्र के अनुसार, राष्ट्रपति सर्दार बडीर्मुखमेदोव अब तय करेंगे कि किस प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक वीजा उपलब्ध होंगे, उन्हें कैसे जारी किया जाएगा ।

ब्रिटिश पीएम स्टार्मर और अमेरिकी राष्ट्रपति ने फोन पर की बात, व्यापार समझौते सहित इन मुद्दों पर हुई चर्चा

लंदन । ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बातचीत की। स्टार्मर ने कहा कि उन्होंने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर जारी वाताओं पर उपयोगी चर्चा की। उन्होंने यह भी कहा कि वह मुक्त व्यापार के पक्ष में हैं और राष्ट्रीय हित में यह सबसे जरूरी है।

अमेरिका ने ब्रिटेन से आने वाले सामान पर भारी टैरिफ लगाया है। कुछ सामान पर 10 फीसदी और कुछ पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया गया है। इसमें कार, स्टील और एल्युमिनियम शामिल हैं। ब्रिटेन ने जवाबी टैरिफ हीं लगाया है। वह चाहते हैं कि बातचीत से इसका समाधान निकले। दोनों नेताओं के बीच फोन पर रूस-यूक्रेन युद्ध, ईरान की स्थिति और यमन में हूती विद्रोहियों पर अमेरिकी हमलों को लेकर चर्चा हुई।

दोनों नेताओं ने कहा कि वे भविष्य में आपस में संपर्क में रहेंगे।

इससे पहले ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात की। उन्होंने बताया कि उन्हें ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय ने दूसरी बार राजकीय दौरे पर आमंत्रित किया है और यह दौरा सिंतबर में हो सकता है। हालांकि, बकिंघम पैलेस ने अभी इसकी तारीख की पुष्टि नहीं की है।

डाउनिंग स्ट्रीट ने फोन पर बातचीत को लेकर क्या कहा

डाउनिंग स्ट्रीट के प्रवक्ता ने फोन पर हुई बातचीत की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने आज दोपहर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप से फोन पर बात की। प्रवक्ता ने कहा, दोनों नेताओं ने बातचीत की शुरूआत व्यापार पर चर्चा से की। उन्होंने ब्रिटेन और अमेरिका के बीच चल रही व्यापार वार्ता को सकारात्मक बताया। प्रधानमंत्री ने फिर दोहराया कि वह मुक्त खुला व्यापार चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय हितों की रक्षा बहुत जरूरी है। उन्होंने आगे कहा, दोनों नेताओं ने यूक्रेन, ईरान की स्थिति और यमन में हूतियों के खिलाफ की गई हालिया कार्रवाई पर भी चर्चा की। वे संपर्क में बने रहने पर सहमत हुए। अगले हफ्ते अमेरिका जाएंगी ब्रिटेन की वित्त मंत्री ब्रिटेन ने यूरोपीय यूनियन (ईयू) की तरह जवाबी शुल्क लगाने से परहेज किया है और उम्मीद जताई है कि अमेरिका के साथ बातचीत से दोनों पक्षों के लिए लाभकारी समझौता होगा।

ताइवान पर ड्रैगन की दोहरी रणनीति

ताइपे । चीन और ताइवान के बीच जारी तनाव के बीच एक बार फिर चीन ने ताइवान की सीमा में घुसपैठ की है। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा

मंत्रालय (एमएनडी) ने शनिवार सुबह बताया कि चीन के 14 लड़ाकू विमान, 5 नौसैनिक जहाज और 4 सरकारी जहाज ताइवान के आसपास देखे गए हैं। इनमें से 13 विमान ताइवान की हवाई मध्य रेखा को पार करके एयर डिफेंस आइडेंटिफिकेशन जोन (अउक्के) में घुस आए थे। ताइवान के रक्षा मंत्रालय का बयान ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि हमने स्थिति पर नजर रखी है और आवश्यक कदम उठाए हैं।

वेटिकन पहुंचे अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, पोप फ्रांसिस से हो सकती है मुलाकात

वॉशिंगटन । अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस वेटिकन पहुंचे हैं। जहां उनकी मुलाकात वेटिकन के शीर्ष अधिकारियों के साथ होनी है। यह मुलाकात ऐसे समय हो रही है, जब प्रवासियों के खिलाफ ट्रंप प्रशासन की कार्रवाई की आलोचना हो रही है। वेंस के पोप फ्रांसिस से भी मुलाकात होने की संभावना है। वेंस ईस्टर वीकेंड के मौके पर परिवार के साथ रोम गए हैं। अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने रोम में इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी से मुलाकत की। इसके बाद शुक्रवार को गुड फ्राइडे के मौके पर सेंट पीटर्स बेसिलिका चर्च में प्रार्थना सभा में शामिल हुए थे। पोप फ्रांसिस ने ट्रंप के निर्वासन फैसले की आलोचना की थी फरवरी में पोप फ्रांसिस ने तबीयत खराब होने पर अस्पताल में भर्ती होने से पहले ट्रंप की प्रवासियों के निर्वासन

की नीति का आलोचना की। उन्होंने कहा था कि प्रवासियों को देश से बाहर निकालने से उनकी गरिमा को ठेस पहुंचती है। फ्रांसिस ने आगे कहा कि हमारा कैथोलिक धर्म ऐसे कामों की सराहना नहीं करता है। वेंस ने इसके बचाव में मध्यकालीन कैथोलिक धर्म शास्त्र की अवधारणा का हवाले देते हुए कहा कि हमारे धर्म में पहले हमें अपने परिवार का देखभाल करना सीखता है, उसके बाद पड़ोसी, फिर समुदाय, इसके बाद नागरिक, सबसे आखिरी में हमें प्रवासियों के बारे में सोचना होगा। इसके साथ ही उन्होंने अमेरिका प्रथम का भी बचाव किया था। 10 फरवरी को फ्रांसिस ने पत्र लिख कर वेंस को कहा कि कैथोलिक धर्म अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के बजाए भाईचारे को बढ़ाने में विश्वास करता है।

अफगानिस्तान में भूकंप के झटकों से कांपी धरती भारत के जम्मू कश्मीर में भी महसूस किए गए झटके

नई दिल्ली । भारत के पड़ोसी देश अफगानिस्तान में आज भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 5.8 मांपी गई। इन झटकों से किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। भूकंप के झटके भारत के जम्मू कश्मीर और पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार, शनिवार दोपहर 12.17 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। अभी तक किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है।

पाकिस्तान में भी लगे भूकंप के झटके

राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी केंद्र के अनुसार, भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान सीमा क्षेत्र के पास 94 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। इस्लामाबाद, लाहौर, पेशावर, रावलपिंडी और खैबर पख्तूनख्वा के विभिन्न हिस्सों सहित पाकिस्तान के एक बड़े क्षेत्र में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। सबसे तेज झटके खैबर पख्तूनख्वा के निचले दीर, बाजौर, मलकंद, नौशेरा, दीर बाला, शबकादर और मोहमंद क्षेत्रों से आए, जिससे निवासियों में दहशत फैल गई। पाकिस्तान में भी अभी तक, किसी के हताहत होने या बुनियादी ढांचे के नुकसान की खबर नहीं है।

यह एक सप्ताह में पाकिस्तान में दूसरा भूकंप है। पिछले शनिवार को भी पाकिस्तान की राजधानी और खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब प्रांतों के कुछ हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। पाकिस्तान में अक्सर अलग-अलग तीव्रता के भूकंप आते रहते हैं। सबसे घातक भूकंप 2005 में आया था, जिसमें 74,000 से ज्यादा लोग मारे गए थे।

इस्राइली सेना दक्षिणी लेबनान में रहेगी, हथियार, हिजबुल्ला ने दी नेतन्याहू को धमकी

बेरूत । लेबनान के उग्रवादी समूह हिजबुल्ला ने शुक्रवार को इस्राइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू को धमकी दी है। हिजबुल्ला नेता ने कहा है कि जब तक इस्राइली सेना दक्षिणी लेबनान में रहेगी और इस्राइली वायु सेना लेबनान के वायु क्षेत्र का उल्लंघन करती रहेगी, तब तक उसके लड़ाके हथियार नहीं छोड़ेंगे। यह बात नईम कासेम ने हिजबुल्ला के टेलीविजन पर प्रसारित अपने भाषण में कही।

नईम कासेम ने अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि हिजबुल्ला ने अमेरिका की मध्यस्थता से हुए युद्धविराम के नियमों का पालन किया है, जिससे इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच 14 महीने से चल रही लड़ाई रुकी है। बता दें कि कासेम ने पिछले साल हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्लाह, उनके उत्तराधिकारी हाशेम सफीदीन और अन्य के मारे जाने के बाद हिजबुल्ला की कमान संभाली थी।

हिजबुल्ला नेता कासिम ने कहा कि हम किसी को भी हिजबुल्ला के हथियार हटाने की अनुमति नहीं देंगे। इन हथियारों ने हमें जीवन और आजादी दी है। कासिम ने आगे कहा कि जब तक इस्राइली ड्रोन हमले करते रहेंगे और दक्षिणी लेबनान में मौजूद रहेंगे, तब तक राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर कोई बातचीत नहीं हो सकती। उन्होंने कहा, 'यह बातचीत नहीं, आत्मसमर्पण होगा। पहले इस्राइल पीछे हटे और हवाई हमले रोके।' कासिम का यह बयान अमेरिका के विशेष राजदूत मॉर्गन ऑर्टागस के लेबनान दौरे के बाद आया है, जिन्होंने लेबनानी सरकार को कहा था कि वह पूरे देश में अपना नियंत्रण स्थापित करे, न कि केवल दक्षिण में।

निर्वासित गार्सिया को लेकर गरमाई अमेरिकी राजनीति सीनेटर की मुलाकात पर व्हाइट हाउस ने कसा तंज

वॉशिंगटन । निर्वासित अब्रेगो गार्सिया को लेकर इन दिनों अमेरिकी राजनीति में जबरदस्त गर्माहट देखने को मिल रही है। इसी बीच व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को एल साल्वाडोर में बंद एक किल्मर अब्रेगो गार्सिया से मुलाकात करने पर अमेरिकी सीनेटर क्रिस वैन होलेन की खुलेआम आलोचना की। व्हाइट हाउस ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में न्यूयॉर्क टाइम्स की उस खबर पर तंज कसा जिसमें सीनेटर होलेन की अब्रेगो गार्सिया से मुलाकात को कवर किया गया था।

व्हाइट हाउस ने उस खबर की हेडलाइन को कलम से एडिट करते हुए लिखा कि सीनेटर ने एमएस-13 अवैध विदेशी से मुलाकात की जो कभी वापस नहीं आ रहा है। व्हाइट हाउस द्वारा किए गए पोस्ट में गलती से निर्वासित जैसे शब्दों को हटाकर, अब्रेगो गार्सिया को सीधे तौर पर गिरोह से जुड़ा 'अवैध विदेशी' बताया गया। बता दें कि अब्रेगो गार्सिया को गलती से निर्वासित कर दिया गया था और उसे एल साल्वाडोर की कुख्यात जेल उएउडळ में रखा गया था। अमेरिकी अधिकारियों का दावा वहीं मामले में ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों का दावा है कि अब्रेगो गार्सिया टर-13 गिरोह से जुड़ा है और एक आतंकवादी है। हालांकि, अमेरिका में उसके खिलाफ ऐसा कोई आपराधिक आरोप दर्ज नहीं किया गया है।

मैरीलैंड से डेमोक्रेट सीनेटर क्रिस वैन होलेन ने बताया कि उन्होंने अब्रेगो गार्सिया से एक होटल में मुलाकात की, क्योंकि उन्हें जेल में मिलने की इजाजत नहीं दी गई। पहले जब वह जेल गए, तो सैनिकों ने उन्हें 3 किलोमीटर पहले ही रोक लिया। बाद में एल साल्वाडोर के अधिकारी खुद अब्रेगो गार्सिया को होटल में ले आए, जहां सीनेटर ठहरे हुए थे। वहीं सीनेटर होलेन के अनुसार, अब्रेगो गार्सिया ने मामले में कहा कि जेल में रहना उनके लिए बहुत ही दर्दनाक अनुभव था। उन्हें कई हफ्तों तक 25 अन्य लोगों के साथ एक ही कोठरी में बंद रखा गया और किसी से बात करने की इजाजत नहीं थी।

वरिष्ठ पत्रकार व कवि राज कौशिक के पुत्र ऋषि का सगाई समारोह उदिति अरोड़ा के साथ सम्पन्न

गाजियाबाद, करंट क्राइम। वरिष्ठ पत्रकार व कवि राज कौशिक के सुपुत्र ऋषि कौशिक का सगाई समारोह फरीदाबाद निवासी सुभाष अरोड़ा की पुत्री उदिति के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुआ। स्वीस होटल में आयोजित सगाई समारोह में समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर परिवार के विनोद शर्मा, रवि प्रकाश शर्मा, हरिश शर्मा, अभिषेक कौशिक ने वरिष्ठ पत्रकार तथा कवि राज कौशिक के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया।

वेव सिटी में शुरू हुआ हेल्थ केयर क्लिनिक

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वेव सिटी के सेक्टर 5 ग्रीन वुड एंक्लेव में हेल्थ केयर क्लिनिक शुरू किया गया है। इसका उद्घाटन डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार और आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर अनिल तोमर ने किया। इस क्लिनिक में सर्जरी और गायनी का विशेष प्रबंध है। इसके उद्घाटन अवसर पर क्लिनिक के संचालक डॉक्टर प्रखर गर्ग, डॉक्टर नीलम गुप्ता गर्ग, डॉक्टर नलिनी गर्ग, पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी के के त्यागी, प्रसून मालवीय, कुमार वैभव आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। डॉक्टर पंकज गर्ग ने अतिथियों का स्वागत किया।

सामाजिक संस्था मानवता की ओर एक कदम के तत्वावधान में 'एक राष्ट्र - एक चुनाव' के समर्थन में विशाल पदयात्रा का आयोजन

यह मुद्दा किसी दल विशेष का नहीं, बल्कि भारत के प्रत्येक नागरिक का है : मयंक गोयल

गाजियाबाद, करंट क्राइम। सामाजिक संस्था 'मानवता की ओर एक कदम' के तत्वावधान में आज दिनांक 19 अप्रैल 2025, दिन शनिवार को 'एक राष्ट्र - एक चुनाव' के समर्थन में एक विशाल पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा शाम 4 बजे शहीद भगत सिंह घंटाघर से प्रारंभ होकर चौपला से होते हुए दुर्गा भाभी चौक से निकलकर शहीद पथ नवयुग मार्केट तक संपन्न हुई। पदयात्रा समापन होने से पूर्व वक्ताओं ने अपने संबोधन के माध्यम से एक राष्ट्र एक चुनाव की अपील संदेश दिया।

इस अवसर पर सामाजिक नागरिक के रूप में मुख्य वक्ता मयंक गोयल ने कहा 'यह मुद्दा किसी दल विशेष का नहीं, बल्कि भारत के प्रत्येक नागरिक का है। अलग-अलग चुनावों से न केवल समय और धन की बबार्दी होती है, बल्कि विकास कार्य भी प्रभावित होते हैं। हम सभी एकजुट होकर केंद्र सरकार से आग्रह करते हैं कि इस नीति पर शीघ्र कार्यान्वयन हो।

पदयात्रा में गाजियाबाद के प्रमुख चेहरों सहित अनेक सामाजिक संगठनों, व्यापारियों और एनजीओ प्रतिनिधियों ने भाग लिया। शहर के मुख्य बाजार से पदयात्रा गुजरने के दौरान बाजार में व्यापारियों एवं नागरिकों ने मयंक गोयल और सरदार एसपी सिंह सहित सभी पदयात्रा में शामिल लोगों का स्वागत अभिनंदन करते हुए अपना भरपूर समर्थन दिया। मयंक गोयल अध्यक्ष के रूप में शहर के मुख्य बाजार में प्रथम आगमन पर व्यापारियों ने आतिशबाजी कर पुष्पवर्षा से शानदार स्वागत अभिनंदन किया।

वन नेशन वन इलेक्शन के समर्थन में पदयात्रा के दौरान मयंक गोयल, सरदार एसपी सिंह, सुरेन्द्र नागर, पार्षद राजीव शर्मा, राजीव अग्रवाल, प्रदीप चौधरी, अशोक भारतीय, विनीत शर्मा, प्रीति चंद्रा, साक्षी नारंग, नीरज त्यागी, शैली सेठी, सिमरन रंधावा, राम त्यागी, पुष्पेंद्र गुप्ता, पूर्व पार्षद अरुण जैन, अरुण मित्तल, विनय सिंघल, विनीत शर्मा युवा, नागेंद्र चौहान, आलोक त्यागी, बबीता त्यागी, विनीता पाल, दीपक त्यागी सुमित शर्मा राहुल त्यागी सुनील शर्मा लामिश पांडे अनुज त्यागी, संजीव जांगिड़, हरेंद्र चौधरी, विक्रम सैनी, अजय चौधरी, संजय शर्मा, तनुज गंभीर, उदयन गर्ग, कृष्ण त्यागी, राजीव डागर, पंकज लड्ढू जितेंद्र महाना , दिव्यांश भटनागर आदि शामिल रहे।

सुनहरे भविष्य की ओर एक सार्थक प्रयास : सरदार एसपी सिंह

करंट क्राइम। इस पदयात्रा का नेतृत्व संस्था के समन्वयक सरदार एसपी सिंह द्वारा किया गया, जिन्होंने कहा, यह सिर्फ एक चुनाव प्रणाली नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक की सहूलियत और राष्ट्र की आर्थिक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 'एक राष्ट्र - एक चुनाव' से न केवल संसाधनों की बचत होगी, बल्कि शासन की निरंतरता भी बनी रहेगी। यह देश के सुनहरे भविष्य की ओर एक सार्थक प्रयास है।

सालगिरह मुबारक

गाजियाबाद, करंट क्राइम। भूषण पंडित ने अपनी बिटिया गुंजन और दामाद मनीष को उनकी मैरिज एनिवर्सरी की बधाई देते हुए उन्हें सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया।

दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कुछ लोग अपने प्रोफेशन के प्रति भी पूरा पैशन रखते हैं। अधिवक्ता शबाना जैदी के लिए वकालत केवल एक प्रोफेशन नहीं है बल्कि उनके लिए ये पैशन है। जब मूट कोर्ट में उन्हें जज बनकर मुकदमा सुनना है तो अपने इस अंदाज को भी उन्होंने फेसबुक पर साझा किया। प्रोफेशन, पेशन और इम्प्रेशन का संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली नाले में गिरने से एक की मौत, एक घायल

मोदीनगर, करंट क्राइम। एक अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली बिजली के खंभे से टकराकर नाले में जा गिरी, हादसे में एक किसान मौत व ट्रैक्टर पर सवार एक युवक बुरी तरह घायल हो गया। घायल को नीजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हापुड़ मार्ग पर शनिवार तड़के भोजपुर निवासी किसान शिवम दो ट्रॉली के साथ मोदीनगर स्थित मोदी शुगर मिल में गन्ना डालकर वापस लौट रहे थे। खंजरपुर गेट के पास सामने से आ रहे एक भारी वाहन से बचने की कोशिश में उनका ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया। ट्रैक्टर पहले बिजली के खंभे से टकराया और फिर नाले में जा गिरा।

हादसे में किसान शिवम की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रैक्टर पर सवार एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुचना पर पंहुची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच शुरू कर दी है।